उज्जैन
रविवार
26
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-263
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ नीट गड़बड़ी के विरोध में मप्र का सबसे लंबा आंदोलन रहा
7 ▸ जिम्बाब्वे के खिलाफ क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

### कारगिल विजय दिवस पर द्रास पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथसिंह

**द्रास।** द्रास स्थित कारगिल वॉर मेमोरियल में शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शहीद सैनिक के परिजन को स्मृति-चिह्न भेंट किया। कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को द्रास स्थित कारगिल वॉर मेमोरियल में आयोजित शौर्य संध्या कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम दो दिवसीय कारगिल विजय दिवस समारोह का हिस्सा था। सैनिकों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भी चुनौतियां कम नहीं हुई हैं। घुसपैठियों की नीयत नहीं बदली है और वे आज भी प्रॉक्सी वॉर और घुसपैठ जैसे हथकंडे अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भारतीय सेना ऐसी हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सरकार सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दे रही है। सेना को अत्याधुनिक उपकरण और बेहतरीन प्रशिक्षण मिले।

### ईरान पर सबसे बड़े हमले से पीछे हटे डोनाल्ड ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ बड़े हमले को फिलहाल टाल दिया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, टॉप मिलिट्री अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बड़ी कार्रवाई से अमेरिकी सेना के पास मौजूद पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का स्टॉक तेजी से घट सकता है। जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने सलाह दी कि बड़े अभियान से मिडिल-ईस्ट में तैनात अमेरिकी सैनिकों और सहयोगी देशों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल के अंत तक अमेरिका 1200 से ज्यादा पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलें इस्तेमाल कर चुका था।

### जर्मनी में प्राइड परेड पर हमला, वैन से भीड़ को कुचला; 1 की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी की राजधानी बर्लिन में एलजीटीक्यू+ समुदाय की प्राइड परेड के दौरान शनिवार रात एक वैन भीड़ में घुस गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 16 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक, सफेद वैन टियरगार्टन पार्क के पास उस इलाके में घुसी, जहां से कुछ देर पहले प्राइड परेड निकली थी। कई लोगों को टक्कर मारने के बाद वैन एक पेड़ से टकरा गई। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। घटना के बाद प्राइड कार्यक्रम और कॉन्सर्ट रद्द कर दिए गए। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्च ने मामले की पूरी जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। वहीं, बर्लिन के मेयर काई वेगनर ने इसे समाज पर हमला बताया।

### कनाडा में पंजाब की छात्रा की गला घोंटकर हत्या, लिव-इन पार्टनर गिरफ्तार

**कनाडा।** कनाडा के एडमंटन शहर में पंजाब की 23 साल की छात्रा दमनप्रीत कौर की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में उनके 22 साल के भारतीय लिव-इन पार्टनर रितिश कुमार को गिरफ्तार किया है। दमनप्रीत पंजाब के लुधियाना जिले के समराला की रहने वाली थीं। वह स्टूडेंट वीजा पर करीब 5 साल पहले कनाडा गई थीं। एडमंटन पुलिस के मुताबिक, 9 जुलाई को उन्हें एक घर में गंभीर हालत में पाया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान 12 जुलाई को उनकी मौत हो गई। 14 जुलाई को हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह गला घोंटना बताई गई। पुलिस ने 22 जुलाई को रितिश कुमार को गिरफ्तार कर सेकेंड डिग्री मर्डर का आरोप लगाया। अधिकारियों का कहना है कि यह लिव-इन पार्टनर से जुड़ा हत्या का मामला है और फिलहाल किसी अन्य आरोपी की तलाश नहीं की जा रही।

### असम में पाकिस्तान आतंकी नेटवर्क के 3 गिरफ्तार

**असम।** असम पुलिस ने पाकिस्तान स्थित शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का खुलासा किया है। पुलिस ने राज्य में तीन ऑपरेटिव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि एसटीएफ ने शुक्रवार को धुबरी, चिरांग, बारपेटा की जिला पुलिस के साथ ऑपरेशन चलाया। तीनों जिलों से एक-एक संदिग्ध पकड़ा गया। 5 मोबाइल फोन, 7 सिम कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, डेबिट कार्ड, आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। एसटीएफ के सीनियर एसपी प्रणब कुमार पेगू ने कहा, नेटवर्क पर भर्ती, ऑनलाइन कट्टरपंथ फैलाने, रेकी, लॉजिस्टिक्स, जासूसी, अवैध हथियार जुटाने, स्लीपर सेल बनाने, आतंकी गतिविधियों में मदद के आरोप हैं।

### के. श्रीकर रेड्डी कतर में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक के. श्रीकर रेड्डी को कतर में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को उनकी नियुक्ति की घोषणा की। भारतीय विदेश सेवा के 2001 बैच के अधिकारी रेड्डी फिलहाल अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्यदूत के रूप में कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह जल्द ही दोहा में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। रेड्डी कतर में मौजूदा भारतीय राजदूत विपुल का स्थान लेंगे। नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब भारत और कतर के बीच ऊर्जा, व्यापार, निवेश तथा प्रवासी भारतीयों से जुड़े संबंध महत्वपूर्ण बने हुए हैं।

---

#### बारिश के मौसम में बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या, प्रशासन ने भी की सतर्क रहने की अपील

# महाकाल की नगरी उज्जैन आ रहे हैं तो जरूरी बातों का रखें ध्यान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर, कालभैरव, हरसिद्धि, मंगलनाथ, चिंतामण गणेश और क्षिप्रा तट के दर्शन के लिए इन दिनों देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक उज्जैन पहुंच रहे हैं। सावन और वर्षा ऋतु के दौरान शहर में श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा के लिए कुछ आवश्यक बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

**महाकाल मंदिर में रखें इन बातों का ध्यान-** मंदिर परिसर में प्रवेश से पहले निर्धारित सुरक्षा जांच से गुजरना अनिवार्य है। श्रद्धालु अपने साथ केवल आवश्यक सामान ही लेकर जाएं। मोबाइल, कैमरा और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के संबंध में मंदिर प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। दर्शन के दौरान धक्का-मुक्की न करें और कतार व्यवस्था बनाए रखें।



### बारिश के मौसम में घाटों पर बरतें सावधानी

इन दिनों क्षिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ सकता है। रामघाट, नरसिंह घाट और अन्य घाटों पर स्नान करते समय गहरे पानी में न उतरें। तेज बहाव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। सेल्फी लेने या वीडियो बनाने के लिए नदी के किनारों और फिसलन वाले पत्थरों पर खड़े होना दुर्घटना का कारण बन सकता है।

### पार्किंग और यातायात व्यवस्था

भीड़भाड़ के दौरान शहर के कई मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू किया जाता है। वाहन केवल अधिकृत पार्किंग में ही खड़े करें। नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर चालानी कार्रवाई हो सकती है। शहर के प्रमुख मंदिरों तक पैदल मार्ग का भी उपयोग करना पड़ सकता है, इसलिए आरामदायक जूते पहनकर आएं।

### खरीदारी करते समय रहें सतर्क

उज्जैन के बाजारों में धार्मिक सामग्री, प्रसाद और स्मृति चिन्ह खरीदते समय पहले कीमत की जानकारी लें। अधिकृत दुकानों से ही खरीदारी करें और भुगतान की रसीद अवश्य लें। अनजान लोगों के झांसे में आने से बचें।

### स्वास्थ्य का रखें ध्यान

बारिश के मौसम में केवल स्वच्छ और पैक्ड पेयजल का उपयोग करें। सड़क किनारे खुले में रखे खाद्य पदार्थ खाने से बचें। यदि बुखार, उल्टी, दस्त या अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो तो तुरंत नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। बुजुर्ग, छोटे बच्चे और हृदय तथा मधुमेह के मरीज अपनी नियमित दवाइयां साथ रखें।

**अपने सामान की करें सुरक्षा-** भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जेबकतरे सक्रिय हो सकते हैं। मोबाइल, पर्स, गहने और अन्य कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें। बच्चों का हाथ पकड़कर रखें और यदि कोई बिछड़ जाए तो निकटतम पुलिस सहायता केंद्र या कंट्रोल रूम से संपर्क करें।

**स्वच्छता और धार्मिक मयार्दा का रखें सम्मान-** मंदिर परिसर, घाटों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं। प्लास्टिक का उपयोग कम करें और धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखें। स्थानीय परंपराओं और नियमों का सम्मान करें।

**उज्जैन घूमने आए हैं तो इन प्रमुख स्थलों का भी करें भ्रमण-** महाकालेश्वर मंदिर के अलावा हरसिद्धि माता मंदिर, कालभैरव मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, सांदीपनि आश्रम, चिंतामण गणेश मंदिर, भर्तृहरि गुफा, गोपाल मंदिर, वेधशाला और रामघाट भी प्रमुख आकर्षण हैं। यदि समय हो तो शाम की क्षिप्रा आरती का भी आनंद लिया जा सकता है।

### आपात स्थिति में क्या करें

- किसी भी आपात स्थिति, दुर्घटना, स्वास्थ्य समस्या या सुरक्षा संबंधी सहायता की आवश्यकता होने पर तत्काल पुलिस, एम्बुलेंस या संबंधित प्रशासनिक हेल्पलाइन से संपर्क करें तथा आसपास मौजूद पुलिस सहायता केंद्र की मदद लें।
- उज्जैन आए हैं तो यह जानकारी आपके लिए बेहद जरूरी, महाकाल दर्शन से लेकर प्रमुख मंदिरों के समय तक पूरी गाइड

---

#### पेपर लीक के खिलाफ कल लोकसभा में आ सकता है नया बिल

# जांच के लिए 2 महीने मिलेंगे

## 10 साल जेल और 50 लाख तक जुर्माने का प्रावधान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

केंद्र सरकार पेपर लीक रोकने के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 में संशोधन करने जा रही है। पीएम नरेंद्र मोदी के आश्वासन के बाद सोमवार को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह लोकसभा में नया बिल पेश कर सकते हैं। इसमें सजा और जुर्माने के प्रावधानों को और सख्त किया गया है।

### स्पेशल टास्क फोर्स और फास्ट ट्रैक कोर्ट

- बिल में दो नई धाराएं 12ए और 12बी जोड़ी गई हैं। इसके तहत केंद्र सरकार एक स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर सकेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी या एसआईटी को केंद्र सरकार द्वारा मामला सौंपे जाने के 2 महीने के भीतर जांच पूरी करनी होगी।
- फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए रोजाना सुनवाई होगी। राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट नामित करेंगे। चार्जशीट दाखिल होने के 3 महीने के भीतर ट्रायल पूरा करना अनिवार्य होगा।

### अपील के लिए भी सख्त नियम

- बिल में अपील के लिए भी समय सीमा तय की गई है। स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की जा सकेगी।
- ऐसी अपील पर दो जजों की बेंच सुनवाई करेगी और इसे 3 महीने के भीतर निपटाने का प्रयास किया जाएगा। अपील फैसले के 30 दिनों के भीतर करनी होगी, जिसे विशेष परिस्थितियों में 90 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है।

### यूपी में स्कूल नदी में समाया, 100 बीघा फसल बर्बाद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाराणसी**

पहाड़ों पर भारी बारिश से यूपी में नदियां उफान पर हैं। गंगा और यमुना समेत 10 से ज्यादा नदियां खतरे के निशान के करीब बह रही हैं। घाघरा और शारदा समेत 4 नदियां खतरे का निशान पार कर चुकी हैं। बलिया में सरयू नदी के किनारे कटान से एक मकान और सरकारी स्कूल पानी में समा गया। गोंडा में 100 बीघा से ज्यादा फसल घाघरा के पानी में डूब गई है। लोग नदी के किनारे बने अपने कच्चे मकानों को तोड़कर अस्थायी घरों में रहने को मजबूर हैं।

## शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, प्रह्लाद जोशी को चार्ज

#### बोले- उम्मीदों पर खरा उतरूंगा, दीपके ने कहा- झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया है। नीट पेपर लीक केस में उनके इस्तीफे की मांग करते हुए कॉकरोच जनता पार्टी पिछले 36 दिन से जंतर-मंतर पर धरना दे रही थी।

शनिवार शाम करीब 8.15 बजे प्रधान के मंत्रालय का चार्ज प्रह्लाद जोशी को दे दिया गया है। जोशी खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, ऊर्जा और उपभोक्ता मामलों के मंत्री हैं। प्रह्लाद ने कहा- मैं नई जिम्मेदारी पर खरा उतरूंगा। पीएम मोदी का शुक्रिया। पिछले कुछ सालों में देश की शिक्षा व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। इस्तीफे के बाद जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके ने कहा- वे कहते थे कि इस सरकार में इस्तीफे नहीं होते, लेकिन झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए। प्रधान ने इस्तीफे को लेकर चिट्ठी पोस्ट की। दो पेज और 575 शब्दों में लिखी इस चिट्ठी में प्रधान ने बाकी बातों के साथ दो जगह युवाओं को भ्रमित करने की बात भी लिखी। चिट्ठी का यह हिस्सा नीचे हाइलाइट किया गया है।

---

# मप्र की छात्रा से गैंगरेप के आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर

### चित्रकूट में मुठभेड़, पैर में गोली लगी, बॉयफ्रेंड के साथ देवांगना घाटी घूमने गई थी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सतना**

मध्यप्रदेश के चित्रकूट में एक छात्रा से गैंगरेप के आरोपी जितेंद्र उर्फ भोला को पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। दोनों को शिवरामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

यह मुठभेड़ शनिवार शाम करीब 5 बजे यूपी के चित्रकूट में भरकूप थाना क्षेत्र के मड़था के जंगल में हुई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी जितेंद्र की लोकेशन जंगल में मिलने के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी की। खुद को घिरा देखकर आरोपी ने पुलिस पर दो तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी।

फायरिंग के दौरान एक पुलिसकर्मी के हाथ में गोली लग गई। इसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें आरोपी जितेंद्र के पैर में गोली लगी और वह बाइक समेत गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे घेरकर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने तीन राउंड फायरिंग की, जबकि पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में 10 राउंड फायर किए। आरोपी के कब्जे से दो तमंचे बरामद किए गए हैं।



### तीन युवकों ने बंधक बनाकर किया था रेप

- गिरफ्तार आरोपी जितेंद्र उर्फ भोला शिवरामपुर के कल्ला गांव का रहने वाला है। चित्रकूट धाम मंडल के डीआईजी राजेश कुमार एस. ने उस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। यह कार्रवाई एसओजी टीम और बहिलपुरवा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से की, जिसका नेतृत्व एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी ने किया।
- यह मामला 22 जुलाई को चित्रकूट की देवांगना घाटी में हुई घटना से जुड़ा है, जहां तीन युवकों ने एक छात्रा और उसके बॉयफ्रेंड को बंधक बनाकर छात्रा से गैंगरेप किया था।
- पुलिस अधीक्षक ने जांच के बाद स्पष्ट किया है कि पीड़िता नीट की छात्रा नहीं थी। वह इंटरमीडिएट की छात्रा है और 12वीं की परीक्षा में दो बार फेल हो चुकी है। छात्रा के पिता राजस्थान में रहते हैं और वह भी अक्सर वहीं रहती थी।

#### ड्रग तस्करी का खुलासा

### 1160 करोड़ की खेप बरामद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जालंधर**

कनाडा और अमेरिका की सुरक्षा एजेंसियों ने एक संयुक्त अभियान प्रोजेक्ट के तहत अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में करीब 1.7 टन अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत 1160 करोड़ रुपये से अधिक है। मामले में 13 पंजाबी मूल के लोगों सहित कुल 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जांच एजेंसियों के मुताबिक इस गिरोह ने कमर्शियल ट्रकिंग क्षेत्र में एक ब्रोकर-स्टाइल नेटवर्क बनाया था। आरोपी वैध लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन का दुरुपयोग करते थे। वे अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कोकीन और अन्य प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की तस्करी करते थे। जांच जनवरी 2025 में विंडसर पुलिस सर्विस ने शुरू की थी। फरवरी 2025 में कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी भी इसमें शामिल हो गई। बाद में अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशंस और ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन ने खुफिया जानकारी साझा की।

#### कारगिल विजय दिवसः राष्ट्रपति-पीएम ने वीरों को किया याद

## सैनिकों का शौर्य हमेशा देश के गौरव का प्रतीक रहेगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

देश इस साल 26वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है। यह दिन भारत के इतिहास में गौरव की किरण की तरह चमकता है। यह 1999 की उस शानदार विजय का प्रतीक है जब हमारे सैनिकों ने बर्फ से ढकी चोटियों और दुश्मन की लगातार गोलाबारी का सामना करते हुए, बेजोड़ साहस और अटूट संकल्प के साथ कारगिल की चोटियों पर फिर से विजय हासिल की थी। 26 जुलाई को, लद्दाख की दुर्गम पहाड़ियों पर तिरंगा एक बार फिर शान से लहराया, जो बलिदान, वीरता और अटूट राष्ट्रीय भावना का प्रतीक है।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी वीरों को किया नमन-** इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी वीरों को नमन किया। सोशल मीडिया एक्स पर राष्ट्रपति भवन की तरफ से किए गए पोस्ट में लिखा गया- कारगिल विजय दिवस पर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर योद्धाओं को मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। उनका अद्वितीय पराक्रम, अडिग संकल्प और अनन्य राष्ट्रभक्ति हमारी सेना की गौरवशाली परंपरा के अप्रतिम उदाहरण हैं। देश, सदैव उनका ऋणी रहेगा। हमारे उन पराक्रमी वीरों की शौर्यगाथा, आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा और कर्तव्यनिष्ठा के पथ पर चलने के निरंतर प्रेरित करती रहेगी।

**पीएम मोदी ने भी बलिदानियों को किया याद-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारगिल विजय दिवस पर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'कारगिल विजय दिवस पर, हमारा देश भारत की सुरक्षा के लिए बहादुर सैनिकों के असाधारण साहस और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करता है। बेहद मुश्किल हालात में भी उनका अदम्य साहस हमेशा राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बना रहेगा। उनकी अटूट देशभक्ति और कर्तव्य-निष्ठा पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी'।




---

#### प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा को मिलेगा नया ढांचा

# उज्जैन में खुलेगा धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय

## जबलपुर आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय का क्षेत्राधिकार चार संभागों तक सीमित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव**

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में बुधवार को प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा के लिए बड़ा निर्णय लिया गया। विधानसभा ने उज्जैन में मध्यप्रदेश धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय की स्थापना से संबंधित विधेयक को बहुमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही जबलपुर स्थित मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार का पुनर्गठन करते हुए उसे चार संभागों तक सीमित कर दिया गया है। सरकार का कहना है कि उज्जैन में नए स्वास्थ्य विश्वविद्यालय की स्थापना से प्रदेश में तेजी से विस्तार पा रहे मेडिकल शिक्षा के ढांचे को व्यवस्थित करने और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी।



लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सदन में मध्यप्रदेश धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय विधेयक तथा मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक प्रस्तुत किए, जिन्हें बहुमत से पारित कर दिया गया। नई व्यवस्था के तहत जबलपुर आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अधीन अब जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के सरकारी एवं निजी मेडिकल कॉलेज रहेंगे।

- वहीं, उज्जैन में स्थापित होने वाले धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के अधीन भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, नर्मदापुरम और चंबल संभाग के सभी सरकारी एवं निजी मेडिकल कॉलेज संचालित होंगे। सरकार का तर्क है कि दो अलग-अलग विश्वविद्यालयों के माध्यम से मेडिकल संस्थानों का प्रशासनिक संचालन अधिक प्रभावी होगा और एक ही विश्वविद्यालय पर बढ़ते संस्थानों का दबाव कम होगा।
- सरकार के अनुसार उज्जैन में धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय की स्थापना से संबद्ध मेडिकल कॉलेजों की निगरानी, प्रशासनिक कार्यों और शैक्षणिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता और मेडिकल संस्थानों के बेहतर संचालन में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

## खबर एक नजर...

### आषाढ़ी एकादशी पर निकली दिंडी यात्रा का बैरवा महासभा ने किया भव्य स्वागत



उज्जैन। समग्र हिंदू समाज द्वारा आषाढ़ी देवशयनी एकादशी के अवसर पर शनिवार को निकाली गई दिंडी यात्रा का अखिल भारतीय बैरवा महासभा ने भव्य स्वागत किया। महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मरमट के नेतृत्व में पदाधिकारियों और समाजजनों ने यात्रा का आत्मीय स्वागत व सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि यह दिंडी यात्रा टावर चौराहे पर एकत्रीकरण और महाआरती के पश्चात प्रारंभ हुई थी। यात्रा टावर, शहीद पार्क, सांदीपनि चौराहा, देसाई नगर और लक्ष्मीनगर चौराहे से होते हुए सेठीनगर स्थित गजानन महाराज मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। निखिल गोठवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वागत कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय बैरवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल, महिला प्रदेश अध्यक्ष शीला मरमट, राष्ट्रीय संगठन मंत्री हरीश ललावत, महामंत्री राहुल अखंड, पूर्व महापौर मदन लाल ललावत, दीपक मरमट, अशोक मीमरोट और विपिन मरमट सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### सेंट्रल बैंक में डिप्टी मैनेजर बनीं जया बोरासी ने छात्रों को दिए सफलता के टिप्स

**उज्जैन।** शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम के हाईस्कूल के विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सेंट्रल बैंक की डिप्टी मैनेजर जया बोरासी ने विद्यार्थियों को बैंकिंग सेक्टर और उसकी कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी देकर उनका मार्गदर्शन किया। उज्जैन निवासी चंद्रशेखर बोरासी की 25 वर्षीय पुत्री जया बोरासी ने अपनी सफलता का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में एक ही दिन उनका चयन इंडियन बैंक में क्लर्क और सेंट्रल बैंक में डिप्टी मैनेजर के पद पर हुआ था। इसके साथ ही उन्होंने इनकम टैक्स की परीक्षा भी पास की थी। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ने वाले और मेहनती बच्चों की कदर हर जगह होती है। उन्होंने बैंकिंग के विभिन्न पहलुओं को सरलता से छात्रों के सामने रखा।

### शैलेंद्र मित्तल बने अग्रवाल सोशल ग्रुप के निर्विरोध अध्यक्ष

**उज्जैन।** अग्रवाल समाज की प्रतिष्ठित संस्था अग्रवाल सोशल ग्रुप के वर्ष 2026-27 के चुनाव में शैलेंद्र मित्तल को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। चुनाव प्रक्रिया 23 जुलाई को होटल मित्तल एवेन्यू में चुनाव अधिकारी एवं अग्रवाल पंचायत न्यास के पूर्व सचिव शैलेष मित्तल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। अध्यक्ष पद के लिए सदन में शैलेंद्र मित्तल और तरुण मित्तल का नाम प्रस्तावित हुआ था, लेकिन तरुण मित्तल द्वारा नाम वापस लेने पर शैलेंद्र मित्तल को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। चुनाव से पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष राजेश गर्ग ने सचिव तरुण मित्तल और कोषाध्यक्ष इंजीनियर अनिल गोयल के साथ मिलकर वार्षिक गतिविधियों और आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। राजेश गर्ग ने बताया कि इस वर्ष किए गए नवाचारों को सभी सदस्यों द्वारा सराहा गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल ने वरिष्ठ जनों और सदस्यों के सहयोग से क्लब की गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

### सेवा भारती छात्रावास में स्वास्थ्य शिविर, 40 बच्चों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**उज्जैन।** सेवा भारती मातृछाया एवं बालक छात्रावास में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं दंत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 बालकों और स्टाफ का दंत व शारीरिक परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत सभी छात्रों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। शिविर में डेंटल सर्जन डॉ. प्रिंस कुशवाहा और जिला टीबी अधिकारी डॉ. अरुण कुशवाहा ने अपनी सेवाएं दीं। डेंटल सर्जन डॉ. प्रिंस कुशवाहा ने दंत स्वास्थ्य, सही आहार व दिनचर्या की जानकारी देकर बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। वहीं, जिला टीबी अधिकारी डॉ. अरुण कुशवाहा ने टीबी, एचआईवी, त्वचा रोग व कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के तरीके बताए। इस स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में मनीष बैरागी का विशेष सहयोग रहा।

### संत कृष्ण साह विद्यार्थी नंद गिरी बने जगद्गुरु

**उज्जैन।** वाल्मीकि साधु अखाड़ा अब श्री शंभु पंच दशनाम 13 जूना अखाड़ा में विधिवत रूप से पंजीकृत हो गया है। इसके साथ ही वाल्मीकि अखाड़े के महामंडलेश्वर संत श्री कृष्ण साह विद्यार्थी नंद गिरी जी महाराज को जूना अखाड़े और वाल्मीकि साधु अखाड़े के जगद्गुरु की उपाधि से अलंकृत किया गया है। हरिद्वार में आयोजित एक गरिमामय समारोह में उनका पट्टाभिषेक संपन्न हुआ।

# देवशयनी एकादशी पर निकली दिंडी यात्रा में गूंजा जय जय रामकृष्ण हरी

## विठ्ठल-रुक्मिणी को शीश पर विराजित कर चलीं महिलाएं, संतों के सानिध्य में हुई महाआरती

### टावर चौराहे से शुरू हुई यात्रा, मार्ग में हुई पुष्पवर्षा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आषाढ़ी देवशयनी एकादशी पर शनिवार को समग्र हिंदू समाज के तत्वावधान में सामाजिक समरसता की प्रतीक दिंडी यात्रा श्रद्धाभाव से निकाली गई। महाराष्ट्र की 800 वर्ष पुरानी संत परंपरा का निर्वहन करते हुए शहर में लगातार तीसरे वर्ष यह आयोजन हुआ। इसमें जात-पात का भेद मिटाकर सभी समाजजनों ने सहभागिता की। पूरी यात्रा में 'जय जय रामकृष्ण हरी' और 'विट्ठल विट्ठल विठ्ठला' का संकीर्तन गूंजता रहा।

यात्रा शाम 5 बजे टावर चौराहे से शुरू हुई। इससे पहले शाम 4.45 बजे महामंडलेश्वर शैलेशानंद जी, महंत काशीदास जी और महंत रामदास जी के सानिध्य में महाआरती व पूजन हुआ। यात्रा में महिलाएं भगवान विठ्ठल-रुक्मिणी की मूर्ति और तुलसी के पौधे सिर पर धारण कर संकीर्तन करते हुए चल रही थीं। संपूर्ण मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य यात्रा का स्वागत किया।

टावर चौराहे से शुरू होकर यात्रा शहीद पार्क, सांदीपनि चौराहा, देसाई नगर और लक्ष्मीनगर चौराहा होते हुए शाम लगभग पौने सात बजे सेठीनगर स्थित श्री गजानन महाराज मंदिर पहुंची। यहां पुनः आरती और प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का विधिवत समापन हुआ।

### विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक रहे मौजूद

इस धार्मिक आयोजन में माहेश्वरी समाज, मराठा समाज और बैरवा समाज सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर इकबाल सिंह गांधी, सोनू गेहलोत, मीना जोनवाल, उमेश सेंगर, सुरेंद्र मरमट, दीपक मरमट, भगवान शर्मा, राजेन्द्र परब और श्याम माहेश्वरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## शहर कांग्रेस कार्यालय पर हुई आतिशबाजी, मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपए और नौकरी देने की मांग

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और छात्रों की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस ने मनाया जश्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और छात्रों की ऐतिहासिक जीत पर शहर एवं जिला कांग्रेस कमेटी ने भारी उत्साह के साथ जश्न मनाया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय पर भव्य आतिशबाजी की गई। कार्यकताओं के हुजूम ने 'छात्र एकता जिंदाबाद' और 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए और एक-दूसरे को बधाई देते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इस सफलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि आज देश के युवाओं ने साबित कर दिया है कि वे देश की दशा और दिशा बदल सकते हैं। जननायक राहुल गांधी के नेतृत्व में समूचे विपक्ष ने जो एकजुटता दिखाई, उसी की वजह से मोदी सरकार घुटने पर आ गई। छात्र हित के इस बड़े आंदोलन की शुरूआत राजस्थान के कोटा शहर से हुई थी। भाटी ने सरकार से मांग की कि इस दौरान जान गंवाने वाले दिवंगत छात्रों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और उनके एक परिजन को सरकारी नौकरी दी जाए।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत के प्रजातांत्रिक इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी मंत्री ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद नहीं छोड़ा, बल्कि देश की जनता और छात्रों के उग्र आंदोलन ने उन्हें झुकने पर मजबूर कर दिया। 20 लोगों की जान जाने के बाद भारी जनदबाव के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। यह देश के इतिहास में किसी भी मंत्री की सबसे शर्मनाक विदाई है।

संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि जश्न के इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, अशोक सारवान, राजेंद्र व्यास, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश चौहान, जीवन पाटीदार, लोकेंद्र सिंह, मधुसूदन, मुकेश गुर्जर, अभिषेक शर्मा, आनंद मीणा, रहीम लाला, संचित शर्मा, दुर्गेश धवन, बबलू खींची, हिमांशु शुक्ल, छोटेलाल मंडलोई, मुकेश सूर्यवंशी, वरुण शर्मा, बंटी वसीम, फारूक भाई, चंदू यादव, श्याम जटिया, राहुल लोट, माजिद लाला, रमेश सांखला, सोनिया ठाकुर, स्वाति सिंह और संजय आंजना सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



### जंतर-मंतर पर गरजे उज्जैन के युवा

उज्जैन। प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक और व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर चल रहे देशव्यापी आंदोलन के भारी दबाव में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 25 जुलाई 2026 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए इस जोरदार विरोध प्रदर्शन में उज्जैन जिला यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं ने भी अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में हिस्सा लिया। इस्तीफे के बाद भारतीय युवा कांग्रेस और विभिन्न विपक्षी दलों ने इसे देश के युवाओं और छात्रों के लंबे संघर्ष की ऐतिहासिक जीत बताया है। उज्जैन जिला यूथ कांग्रेस लंबे समय से युवाओं के हित में इस मुद्दे पर सक्रिय रही है। उज्जैन में सबसे पहले धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग की गई थी। इसके बाद आंदोलन को तेज करते हुए अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे और जंतर-मंतर पर आयोजित युवा कांग्रेस के विशाल प्रदर्शन में शामिल हुए।

### स्वीकृति और बजट के बाद भी शुरू नहीं हुआ संत रविदास कीर्ति-स्तंभ का निर्माण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्षिप्रा तट स्थित संत रविदास घाट पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के कीर्ति-स्तंभ का निर्माण अब तक शुरू नहीं होने से समाज में निराशा और असंतोष है। सर्व रविदास अनुयाई समाज परिषद और श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ भारत के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने के नेतृत्व में महापौर मुकेश टटवाल को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

समाज के प्रदेश महासचिव रमेशचंद्र सूर्यवंशी और प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाशचंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि वर्षों पुरानी इस मांग को स्वीकार करते हुए नगर निगम परिषद और एमआईसी ने प्रस्ताव स्वीकृत कर दिया था। निगम के अभियंताओं द्वारा स्थल निरीक्षण और एस्टीमेट तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति ली जा चुकी है। संबंधित मद में राशि का प्रावधान होने के बावजूद आज तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। समाज ने महापौर से आग्रह किया है कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अब काम में और विलंब न किया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि संत रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी तक देशभर में समरसता संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए समाज ने केंद्र व राज्य सरकार सहित भाजपा नेतृत्व का आभार जताया। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी वर्षों पुरानी भावना का सम्मान करते हुए कीर्ति-स्तंभ का काम जल्द शुरू कराने का आग्रह किया गया

# हथियारबंद आरोपी को पकड़ने वाले टीआई और टीम का बैरवा महासभा ने किया सम्मान



### एसपी प्रदीप शर्मा की कार्यप्रणाली की भी हुई प्रशंसा, बहादुरी के लिए पुलिस अधीक्षक भी कर चुके हैं पुरस्कृत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

टॉवर चौक पर हुई फायरिंग की घटना के बाद हथियारबंद आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ने वाले माधवनगर थाना प्रभारी गजेंद्र पचौरीया और उनकी टीम का अखिल भारतीय बैरवा महासभा ने सम्मान किया है। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मरमट के नेतृत्व में समाजजनों ने उनकी इस बहादुरी और त्वरित कार्रवाई की सराहना की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के कुशल निर्देशन की भी तारीफ की गई।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार दोपहर टॉवर चौक पर एक बदमाश ने फायरिंग कर दी थी, जिसमें आशुतोष सोनी घायल हो गए थे। गोलीबारी के बाद आरोपी लोडेड पिस्टल और 4 अतिरिक्त कारतूस लेकर मौके से भाग निकला था। ऐसे में थाना प्रभारी गजेंद्र पचौरीया ने अपनी जान की परवाह किए बिना उस हथियारबंद बदमाश का पीछा किया और उसे लाइव धर दबोचा। उनकी इस त्वरित कार्रवाई से संभावित बड़ी जनहानि टल गई। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा भी टीआई पचौरीया को इनाम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर चुके हैं।

बैरवा समाज ने टीआई पचौरीया का स्वागत कर उनके साहस को अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया। निखिल गोठवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मान के इस अवसर पर एमआईसी सदस्य पार्षद जितेन्द्र कुंवाल, जगदीश अखंड, सुनील कुमार गोठवाल, मनोज नागवंशी, मनीष जाटवा, प्रदीप मैहर, कमलेश मरमट, पत्रकार राकेश बैंडवाल, श्याम महाराज और उमेश जाटवा आदि उपस्थित थे।

## देशभक्ति और स्वच्छता का दिया संदेश, कार्यकताओं ने लिया संकल्प

# आजाद जयंती पर भाजयुमो ने चलाया स्वच्छता अभियान, आजाद प्रेरणा पर्व के तहत हुआ कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




शहीद पं. चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर जिला उज्जैन द्वारा 'आजाद प्रेरणा पर्व' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चंद्रशेखर आजाद उद्यान, महाकाल सिंधी कॉलोनी, दो तालाब के पास आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। भाजयुमो कार्यकताओं ने उद्यान परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर कचरा उठाया, झाड़ियां साफ की और परिसर को सुंदर बनाने का संकल्प लिया। साथ ही युवाओं को स्वच्छता और देशभक्ति का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष बड़ी बहन श्री मती कलावती जी यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी जयंती को केवल याद करने से नहीं, बल्कि उनके विचारों को जीवन में उतारने से सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर देश और समाज सेवा में आगे आने का आह्वान किया।

भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि आजाद प्रेरणा पर्व हमें त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की याद दिलाता है। स्वच्छता भी राष्ट्र सेवा का एक रूप है। इसी उद्देश्य से आज उद्यान की सफाई कर आजाद जी को नमन किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा नगर महामंत्री आनंद सिंह ,नवनियुक्त भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष नितिन सेन, मुकेश यादव उपाध्यक्ष यूडीए ,मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र अंजना, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, प्रदेश मंत्री कार्तिकेय मिश्रा, हर्ष वर्धन कुशवाह सहित भाजपा के पदाधिकारीगण, वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजयुमो पदाधिकारियों ने कहा कि आजाद जी के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए युवा मोर्चा पूरे वर्ष विभिन्न सेवा और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। अंत में सभी ने देश सेवा और स्वच्छ भारत के संकल्प के साथ पुष्पांजलि अर्पित की।

## देश के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाता है कारगिल विजय दिवसः प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह

# कारगिल विजय दिवस पर कार्यशाला, शहीदों के शौर्य को किया नमन

### प्राचार्य ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ, निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय में एनसीसी, क्रीडा विभाग और आईक्यूएसी के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें देश के प्रति हमारे कर्तव्य की याद दिलाता है। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई।

प्राचार्य प्रो. सिंह ने कहा कि एशिया वर्तमान में राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहा है और दुनिया आशा भरी नजरों से भारत की ओर देख रही है। भारत शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास रखता है, लेकिन पड़ोसियों ने कई बार युद्ध थोपे हैं। कारगिल युद्ध में हमारे सैनिकों ने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की और आक्रमणकारियों को खदेड़ा। उनके बलिदान पर हमें गर्व है। विषय विशेषज्ञ के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. महेन्द्र कुमार शर्मा ने युद्ध के ऐतिहासिक और रणनीतिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व और हमारे सैनिकों के अदम्य साहस के बल पर हमने विपरीत परिस्थितियों में भी यह युद्ध जीता। एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए भारतीय सेना के शौर्य से विद्यार्थियों को अवगत कराया। द्वितीय सत्र में सेना के शौर्य और राष्ट्रीय सुरक्षा पर डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। तृतीय सत्र में डॉ. पोप सिंह परमार द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में तमन्ना कुशवाहा ने प्रथम, इशिका आसमानी ने द्वितीय और अजय नायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चतुर्थ सत्र में चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ. अल्पना उपाध्याय, डॉ. नीता तोमर और डॉ. नीलिमा नागदेव के मार्गदर्शन में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में ऋतिक बिजोरिया पहले, दिव्या राय दूसरे और प्रियंका सेकवाडिया तीसरे स्थान पर रहीं। कार्यशाला का संचालन डॉ. रफीक नागौरी ने किया तथा आभार क्रीडा अधिकारी नवीन कोरट ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. बी.एस. अखन्ड, डॉ. सुनील सूर्यवंशी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मंसूर खान, डॉ. केशवाना शर्मा, डॉ. अंशु भारद्वाज, डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. अल्पना दुभासे, प्रो. रायसिंह सोलंकी, प्रो. राधेश्याम भील, प्रो. मोहनसिंग मुझाल्दा और डॉ. नूतन पॉवर सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कालिदास अकादमी के बाहर निरोगी काया बांटने वाले चौहान का सम्मान

### भोर में उठकर तैयार करते हैं प्राकृतिक ज्यूस, मॉर्निंग वॉकर्स ने किया उत्कृष्ट सेवा का अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में कालिदास अकादमी और तरणताल के बाहर प्रतिदिन सुबह प्राकृतिक ज्यूस के माध्यम से लोगों को सेहतमंद बनाने वाले शारदा ज्यूस सेंटर के संचालक दयाल चौहान का 24 जुलाई की सुबह मॉर्निंग वॉकर्स द्वारा सम्मान किया गया। पिछले कई वर्षों से वे आमजन की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और उत्तम स्वास्थ्य के लिए शुद्ध डिटॉक्स ज्यूस उपलब्ध करा रहे हैं। दयाल चौहान और उनकी पत्नी प्रतिदिन सुबह 2 बजे उठकर कड़ी मेहनत से यह ज्यूस तैयार करते हैं।

उनके द्वारा नीम, करेला, गाजर, चुकंदर, शीशम, ब्राह्मी, आंवला, बेलपत्र, एलोवेरा, गिलोय और अर्जुन की छाल जैसे लाभकारी तत्वों से ज्यूस बनाया जाता है। दिमाग को ठंडा रखने के लिए वे खोपरे और बेलपत्र का विशेष ज्यूस भी देते हैं। यह ज्यूस पूरी तरह से प्राकृतिक होता है और इसमें किसी प्रकार की मिलावट नहीं होती है।

ज्यूस संचालक चौहान ग्राहकों को कैंसर, शुगर, बीपी, कोलेस्ट्रॉल, आंतों, लिवर, फेफड़ों, नसों, जोड़ों के दर्द और डिप्रेशन जैसी बीमारियों में फायदेमंद ज्यूस की संपूर्ण जानकारी भी प्रदान करते हैं। उनका व्यवहार अत्यंत विनम्र है और किसी के पास पैसे न होने पर भी वे ज्यूस की सेवा जरूर देते हैं।

उनके इस व्यवहार और स्वास्थ्यवर्धक सेवा को देखते हुए शुक्रवार सुबह लक्ष्मी व्यंकटेश के शैलेंद्र कुशवाह, गोविंद रमानी, गिरीश चौधरी, जैन साहब, यादव जी और कर सलाहकार गोयल जी ने उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।

उज्जैन
रविवार
26
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

**वेदानां सामवेदोऽस्मि देवानामस्मि वासवः।**
**इंद्रियाणां मनश्चास्मि भूतानामस्मि चेतना॥**

**अर्थः** मैं वेदों में सामवेद हूँ, देवों में इंद्र हूँ, इंद्रियों में मन हूँ और भूत प्राणियों की चेतना अर्थात् जीवन-शक्ति हूँ।

## खबर एक नजर...

### फांसी लगाने वाली पीडब्ल्यूडी इंजीनियर की इलाज के दौरान मौत

**इंदौर।** पलासिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी की महिला इंजीनियर ने फांसी लगा ली थी, जिसकी शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में महिला के मायके पक्ष ने पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, 40 वर्षीय आरती, पति नीलेश यादव निवासी पीडब्ल्यूडी सरकारी आवास ने फांसी लगा ली थी। वेंटिलेटर पर उसका इलाज चल रहा था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है, क्योंकि महिला के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में मृतका के परिजन ने पुलिस को बताया कि पति नीलेश भी पीडब्ल्यूडी इंजीनियर हैं। दोनों की शादी वर्ष 2012 में हुई थी। परिजन ने आरोप लगाया कि पति आए दिन बहन से विवाद करते थे, जिसके कारण वह प्रताड़ित थी। पुलिस मामले में मृतका की बच्चियों से भी पूछताछ करेगी। इसके बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

### वेतन न मिलने पर मजदूरों का प्रदर्शन:पीथमपुर की रीडस्पिन सिंटेक्स के गेट पर धरना

**इंदौर।** पीथमपुर के सेक्टर तीन स्थित रीडस्पिन सिंटेक्स लिमिटेड में वेतन भुगतान को लेकर विवाद सामने आया है। कंपनी में ठेकेदार उड़ान इंटरप्राइजेस के माध्यम से कार्यरत करीब 40 मजदूरों ने मार्च, अप्रैल और मई माह का वेतन नहीं मिलने पर कंपनी के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। कंपनी प्रबंधन से लिखित आश्वासन मिलने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। मजदूरों का आरोप है कि वे कई महीनों से अपने बकाया वेतन के लिए कंपनी और संबंधित विभागों के चक्कर काट रहे थे, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहा था। तीन माह का वेतन न मिलने से मजदूर आर्थिक संकट का सामना कर रहे थे। ठेकेदार सचिन व्यास ने बताया कि उन्होंने वेतन भुगतान के लिए सीएम हेल्पलाइन, सीएसपी पीथमपुर, बगदून थाना सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायतें दर्ज कराई थीं। उनका कहना है कि पिछले पांच से छह महीनों से उन्हें लगातार 'तारीख पर तारीख' दी जा रही थी, जिससे कोई ठोस समाधान नहीं निकल पा रहा था। धरने के दौरान ठेकेदार भी मजदूरों के साथ कंपनी गेट पर मौजूद था। ठेकेदार ने बताया कि कंपनी की लापरवाही के कारण उसकी भी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है और भुगतान न मिलने से वह भी परेशान है।

### इंदौर में आज रोपे जाएंगे 50 हजार पौधे, आंध्र प्रदेश से बुलवाए पौधे

**इंदौर।** इंदौर में आज 50 हजार पौधे रोपे जाएंगे। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। रविवार को यह आयोजन बिजासन टेकरी के सामने स्थित वन विभाग की जमीन रमना पर होगा। इसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित आमजन शामिल होकर पौधारोपण करेंगे। इंदौर में 21 लाख पौधारोपण अभियान की शुरूआत हो चुकी है। करीब 13 दिन पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और संस्थाओं की भागीदारी से बुढ़ानिया की 48 एकड़ पहाड़ी पर करीब एक लाख पौधे लगाए गए थे। इसी कड़ी में अब वन विभाग की जमीन रमना पर 50 हजार पौधे रोपे जाएंगे। जनकार्य एवं उद्यान विभाग प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि रविवार को बिजासन टेकरी के सामने स्थित वन विभाग की जमीन पर 50 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। आयोजन की शुरूआत सुबह 11.30 बजे होगी। इसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय सहित अन्य नेता और आमजन शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस पौधारोपण की खास बात यह है कि यहां छोटे पौधों के साथ 10 फीट तक ऊंचे पौधे भी लगाए जाएंगे। इन पौधों को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के माध्यम से राजमुंद्री, आंध्र प्रदेश से बुलवाया गया है। इनमें बरगद, नीम, जामुन, आम सहित अन्य प्रजातियों के पौधे शामिल हैं।

### इंदौर नगर निगम की बारिश से पहले कार्रवाई

**इंदौर।** नगर निगम ने बारिश के मौसम में जर्जर और अस्थिर मकानों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। शनिवार को निगम ने संजय सेतू ब्रिज के पास जीवन रेखा मार्ग स्थित खतरनाक मकानों पर कार्रवाई की। नगर निगम ने इस क्षेत्र में कुल 8 मकानों को चिह्नित किया था। इनमें से 7 मकानों को हटाया गया, जबकि एक मकान को खाली कराया गया। इन मकानों के नीचे की मिट्टी लगातार खिसक रही थी, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। कार्रवाई के लिए नगर निगम का अमला जेसीबी और पोकलेन मशीनों के साथ मौके पर पहुंचा। पूरे अभियान के दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था के बीच रिमूवल की कार्रवाई की गई। बिल्डिंग ऑफिसर सत्येंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर शहरभर में ऐसे भवनों का सर्वे किया जा रहा है, जो बारिश के दौरान अस्थिर हैं या गिरने की आशंका है। इसी क्रम में जीवन रेखा मार्ग पर स्थित 8 मकानों को चिह्नित किया गया था। मकानों के नीचे की मिट्टी खिसकने से उनके ढहने का खतरा था। इसलिए 7 मकानों को हटाया गया और एक मकान को खाली कराया गया, क्योंकि वह अंदर की ओर स्थित था। उन्होंने बताया कि आगे भी ऐसे खतरनाक भवनों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

---

### इंदौर में 26 दिन प्रदर्शन, रोज 1000 की भीड़: बोले- एक भी दिन भूखे नहीं सोए

# नीट गड़बड़ी के विरोध में मप्र का सबसे लंबा आंदोलन रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के टंट्या भील चौराहे पर 30 जून से शुरू हुआ छात्र आंदोलन शनिवार को खत्म हो गया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर आते ही यहां मौजूद एक हजार से अधिक स्टूडेंट्स में जश्न का माहौल बन गया।

26 दिन तक चला यह प्रदर्शन मध्य प्रदेश का सबसे लंबा छात्र आंदोलन रहा। दरअसल, दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन से प्रेरित होकर छात्र अरुण बड़ोले सबसे पहले टंट्या भील चौराहे पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए।

कुछ ही देर में अलग-अलग जगहों से चार अन्य स्टूडेंट्स भी वहां पहुंच गए। बारिश में भीगते हुए धरने पर बैठे पांच स्टूडेंट्स का वीडियो वायरल होने लगा। धीरे-धीरे स्टूडेंट्स और युवाओं की भीड़ जुटने लगी।

प्रदर्शन बिना किसी प्लानिंग के शुरू हुआ था, इसके बावजूद इंदौर के लोगों ने प्रदर्शनकारियों को 26 दिनों तक एक भी दिन भूखा-प्यासा नहीं रहने दिया। हर दिन किसी न किसी की ओर से एक हजार से अधिक लोगों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था की जाती रही।

आंदोलन खत्म हुआ तो प्रदर्शनकारियों ने इंदौर को थैंक्यू कहा और बताया कि वे दूसरे जिलों से आए थे, लेकिन शहर के लोगों की बदौलत उन्हें एक भी दिन भूखा नहीं सोना पड़ा। यहां के लोगों ने भोजन, पानी, टेंट और आर्थिक सहयोग देकर उनका हौसला बढ़ाया।

**सफाई से लेकर आर्थिक मदद तक, निभाई जिम्मेदारी-** हर सुबह स्थानीय लोग अपने घरों से झाड़ू लाकर प्रदर्शन स्थल की सफाई करते थे, ताकि वहां बैठे विद्यार्थियों को परेशानी न हो। आंदोलन के दौरान आर्थिक सहयोग के लिए एक गुल्लक भी रखी गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों और आम लोगों ने अपनी इच्छा से राशि जमा कराई। छात्रों का कहना है कि इस सहयोग से आर्थिक तंगी आंदोलन की राह में बाधा नहीं बनी।

**गले लगाकर बढ़ाते रहे हौसला-** धरना स्थल पर आने वाले कई लोग छात्रों से मिलते, उन्हें गले लगाते और कहते कि वे उनके साथ हैं। विद्यार्थियों के मुताबिक, इस भावनात्मक समर्थन ने उन्हें लगातार संघर्ष करने का हौसला दिया। उनका कहना है कि आंदोलन की सबसे बड़ी ताकत इंदौर के लोगों का भरोसा और समर्थन रहा।



**बारिश के बीच प्रदर्शन शुरू**

30 जून को बिना किसी टेंट के टंट्या भील चौराहे पर धरना शुरू किया। यह बारिश का दौर था। शुरूआती दिनों में वे बारिश में भीगते रहे। बाद में लोगों के सहयोग से टेंट की व्यवस्था हुई। धीरे-धीरे प्रदेश के अलग-अलग जिलों से छात्र जुड़ते गए और आंदोलन का दायरा बढ़ता गया। यही आंदोलन आगे चलकर मध्य प्रदेश का सबसे लंबा छात्र आंदोलन बना।

**भोजन और पानी की जिम्मेदारी**

धरने में शामिल विद्यार्थियों का कहना है कि शहर के लोगों ने पूरे आंदोलन के दौरान उन्हें अकेला नहीं छोड़ा। जो लोग प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सके, उन्होंने भोजन और पानी की व्यवस्था संभाली।

**पहली बार इंदौर में इतना लंबा छात्र आंदोलन-** बताया जा रहा है कि यह पहला प्रदर्शन है जो इतने लंबे समय तक चला था। इससे पहले इंदौर में एमपीपीएससीको लेकर हुआ छात्र आंदोलन भी चार दिन तक चला था।

स्टूडेंट प्रिया सोलंकी ने कहा कि इंदौर के इस आंदोलन ने युवाओं को अपनी आवाज उठाने का मंच दिया। उन्होंने बताया कि कई लोग बिना अपना नाम बताए भोजन और अन्य सामग्री देकर चले जाते थे। यही सहयोग आंदोलन की सबसे बड़ी ताकत बना।

**आज निकलेगी विजय रैली-** इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के अनुसार, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और छात्रों की लड़ाई की जीत के उपलक्ष्य में रविवार शाम 6 बजे मधुमिलन चौराहे से अंबेडकर प्रतिमा, गीता भवन चौराहे तक विजय रैली निकाली जाएगी। रैली के समापन पर नीट परीक्षा रद्द होने के बाद आत्महत्या करने वाले 21 विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी।

---

### ड्रोन व्यू में देखें मप्र का पहला डबल डेकर ब्रिज

# नीचे सड़क, ऊपर मेट्रो ट्रैक, हाईटेक ट्रैफिक इंटरचेंज तैयार; इंदौर-उज्जैन सफर होगा तेज और आसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल लवकुश चौराहा अब शहर के सबसे आधुनिक ट्रैफिक इंटरचेंज के रूप में विकसित हो रहा है। करीब 175 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा प्रदेश का पहला डबल डेकर ब्रिज अंतिम चरण में है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दो दिन पहले इसकी एक लेन का शुभारंभ कर चुके हैं, जिससे एक ओर का यातायात सुगम हो गया है। अब दूसरी लेन का निर्माण सितंबर 2026 तक पूरा होने का लक्ष्य है। इसके बाद उज्जैन रोड, एमआर-10, बाणगंगा, अरबिंदो अस्पताल, एयरपोर्ट और शहर के पश्चिमी हिस्से के बीच आवागमन पहले की तुलना में अधिक तेज और सुगम होगा। यह मध्य प्रदेश का पहला ऐसा डबल डेकर ब्रिज है, जहां सड़क, ब्रिज और मेट्रो एक ही कॉरिडोर (एमआर-10 रोड) पर अलग-अलग स्तर पर संचालित होंगे। नीचे सड़क यातायात और ऊपर मेट्रो ट्रैक रहेगा। सीमित स्थान में दोहरी परिवहन व्यवस्था विकसित होने से भविष्य में ट्रैफिक का दबाव कम होने की उम्मीद है।



आईडीए ने साल 2023 में इस प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू कराया था। मेट्रो कॉरिडोर के साथ समन्वय, तकनीकी जटिलताओं और स्टील बो-स्ट्रिंग स्ट्रक्चर के निर्माण के कारण काम कई चरणों में पूरा किया गया। पहली लेन 23 जुलाई 2026 को शुरू हुई, जबकि दूसरी लेन सितंबर 2026 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुभारंभ करते हुए कहा था- यह परियोजना सिंहस्थ-2028 के दौरान इंदौर-उज्जैन मार्ग पर बढ़ते यातायात को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

**सिंहस्थ को देखते हुए इंदौर-उज्जैन मार्ग का बदलेगा स्वरूप-** लवकुश डबल डेकर ब्रिज के साथ इंदौर-उज्जैन मार्ग को छह लेन में विकसित किया जा रहा है। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए सड़क चौड़ीकरण, फ्लाईओवर और ट्रैफिक प्रबंधन से जुड़े कई प्रोजेक्ट एक साथ चल रहे हैं। इनके पूरा होने के बाद दोनों शहरों के बीच आवागमन अधिक तेज, सुरक्षित और व्यवस्थित होने की उम्मीद है।

**इंदौर एयरपोर्ट से उज्जैन तक तेज कनेक्टिविटी मिलेगी-** सिंहस्थ-2028 के दौरान लाखों श्रद्धालु इंदौर एयरपोर्ट और शहर के रास्ते उज्जैन पहुंचेंगे। ऐसे में लवकुश डबल डेकर ब्रिज प्रमुख ट्रैफिक लिंक बनेगा। इसके शुरू होने से उज्जैन रोड पर जाम कम होगा, एयरपोर्ट से उज्जैन तक तेज कनेक्टिविटी मिलेगी, बाणगंगा, एमआर-10 और अरबिंदो अस्पताल क्षेत्र का ट्रैफिक दबाव घटेगा और ईंधन और यात्रा समय की बचत होगी।

**इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन को मिलेगी गति-** राज्य सरकार इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन (वक्टफ) विकसित कर रही है। इस योजना का उद्देश्य दोनों शहरों को आर्थिक, औद्योगिक, आवासीय और परिवहन नेटवर्क के रूप में जोड़ना है। विशेषज्ञों का मानना है कि लवकुश डबल डेकर ब्रिज इस क्षेत्रीय विकास की महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा और भविष्य में बेहतर सड़क नेटवर्क, मेट्रो कनेक्टिविटी, औद्योगिक निवेश और लॉजिस्टिक्स को गति मिलेगी।

---

## हिरासत में लिए गए दो युवकों को हाईकोर्ट से राहत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

छात्रों के समर्थन में प्रस्तावित शांतिपूर्ण प्रदर्शन से पहले हिरासत में लिए गए दो युवकों को मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने जमानत के लिए लगाई गई कठोर शर्तों को अनुचित बताते हुए कहा कि ऐसी शर्तें व्यवहारिक रूप से व्यक्ति को जमानत से वंचित करने के समान हैं। कोर्ट ने दोनों युवकों को 50 हजार के निजी बंधपत्र और समान राशि के एक सक्षम जमानतदार पर रिहा करने का आदेश दिया।

यह आदेश रंजीत जाट उर्फ रंजीत किसानवंशी बनाम मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य के मामले में 24 जुलाई को पारित किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट जयेश गुरनानी ने पैरवी की।

याचिका बंदी प्रत्यक्षीकरण (हेबियस कॉर्पस) से संबंधित थी। इसमें याचिकाकर्ता के एडवोकेट जयेश गुरनानी ने बताया कि राधेश्याम जाट और सुरेंद्र यादव को छात्रों के समर्थन में प्रस्तावित शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक प्रदर्शन से पहले हिरासत में लिया गया था। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि दोनों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत हिरासत में लिया गया है और जमानत बांड भरने पर उनकी रिहाई संभव है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट सामने यह तथ्य आया कि रिहाई के लिए 1 लाख की प्रतिभूति, 1 लाख के बंधपत्र के साथ-साथ एक शासकीय कर्मचारी को जमानतदार बनाने की शर्त भी रखी गई थी। इस पर जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने कहा कि इस प्रकार की शर्तों को पूरा करना सामान्य व्यक्ति के लिए बेहद कठिन है और इसका वास्तविक प्रभाव जमानत के अधिकार से वंचित करना है।

बेंच ने स्पष्ट किया कि जमानत की शर्तें इतनी कठोर नहीं होनी चाहिए कि वे व्यक्ति की रिहाई में ही बाधा बन जाएं।

---

## छुट्टी के दिन खुला हाईकोर्ट, निगम की सील पर राहत

### बिना नोटिस एडवोकेट का कार्यालय सील करने पर विशेष सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम द्वारा बिना पूर्व सूचना एक एडवोकेट का कार्यालय सील किए जाने के मामले में हाई कोर्ट ने अवकाश के दिन विशेष अनुमति देकर सुनवाई की। मामले की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए नगर निगम को एडवोकेट अमित रावल का कार्यालय तुरंत खोलने का आदेश दिया।

कोर्ट ने माना कि कार्यालय सील रहने से अधिवक्ता का पेशेवर और न्यायलयीन कामकाज प्रभावित हो रहा है। हालांकि, हाई कोर्ट ने अग्नि सुरक्षा के मुद्दे को गंभीर सार्वजनिक हित का विषय मानते हुए संबंधित सोसायटी को दो सप्ताह के भीतर आवश्यक अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन कर जवाब पेश करने के निर्देश भी दिए।

**बिना नोटिस कार्यालय सील करने पर उठाया सवाल-** याचिकाकर्ता अमित रावल की ओर से एडवोकेट अंशुल हार्डिया ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान एडवोकेट रितेश इनानी भी मौजूद रहे। याचिका में बताया गया कि एमजी रोड स्थित उनके कार्यालय को नगर निगम ने बिना किसी पूर्व नोटिस या सूचना के सील कर दिया। इससे उनका पूरा पेशेवर और न्यायलयीन कामकाज प्रभावित हो गया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि सोमवार को विभिन्न न्यायालयों में उनके कई प्रकरण सूचीबद्ध हैं। कार्यालय बंद होने के कारण वे उनकी तैयारी नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनके मुवक्किलों के हित प्रभावित हो सकते हैं।

**नगर निगम ने बताया सीलिंग का कारण-** सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से बताया गया कि जिस भवन में कार्यालय स्थित है, उसकी सोसायटी ने अग्नि सुरक्षा संबंधी नोटिस का पालन नहीं किया था। इसी कारण पूरे परिसर को सील किया गया। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि भवन में संचालित कार्यालयों और दुकानों के संचालकों को ऐसे किसी नोटिस की जानकारी नहीं दी गई थी। साथ ही उनके कार्यालय में आवश्यक अग्निशमन उपकरण पहले से उपलब्ध हैं।

---

### मंत्री विजयवर्गीय का इंदौर पुलिस कमिश्नर को पत्र

# पांडेय दंपती की रिहाई की लिखी बात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर के बाहर प्रदर्शन करने वाले पांडेय दंपती की रिहाई के लिए खुद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह को पत्र लिखा है। हालांकि यह पत्र 24 जुलाई को लिखा गया था, लेकिन शनिवार को सामने आया है।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पत्र में लिखा- विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि मेरे द्वारा दिल्ली में आंदोलनरत छात्रों के संबंध में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है। इसके बाद उमंग सिंघार और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेताओं द्वारा उक्त आरोपों का सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचार किया गया। अगले ही दिन मेरे निवेदन पर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस विषय की जांच कराई गई और विधानसभा की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग का अवलोकन किया गया। जांच के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में स्पष्ट रूप से बताया कि मेरे द्वारा ऐसा कोई भी अपमानजनक अथवा आपत्तिजनक शब्द नहीं कहा गया था, जैसा कि आरोप लगाया जा रहा था। इस प्रकार मेरे खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह असत्य और निराधार सिद्ध हुए।





**विधानसभा सत्र के बाद मिली जानकारी-** मंत्री ने पत्र में लिखा कि सत्य सामने आने से पहले सोशल मीडिया पर किए गए दुष्प्रचार के कारण कई लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसी क्रम में इंदौर निवासी पांडेय दंपती भी इस दुष्प्रचार का शिकार होकर मेरी कॉलोनी में प्रदर्शन करने पहुंचे। चूंकि प्रदर्शन पहले से घोषित था, इसलिए पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से मिल गई थी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस व्यवस्था की गई और प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने विधि एवं नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित दंपती को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

---

### सर्व मराठी भाषी संघ के तत्वावधान में शनिवार देर शाम को इंदौर ने मराठी संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता का देखा ऐतिहासिक दृश्य

# मराठी समाज ने निकली अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित दिंडी यात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

सर्व मराठी भाषी संघ के तत्वावधान में शनिवार देर शाम को इंदौर ने मराठी संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता का ऐतिहासिक दृश्य देखा। राजवाड़ा से शाम 6.30 बजे शुरू हुई हरसिद्धि चौराहा स्थित पंढरीनाथ मंदिर तक निकली भव्य दिंडी यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

भगवान श्री हरि विट्ठल के जयघोष, भजन-कीर्तन, ढोल-ताशे, लेझीम और पारंपरिक वाद्यों की गूंज से पूरा शहर भक्तिमय माहौल में रंग गया। रात 9.30 बजे पंढरीनाथ पर यात्रा का समापन हुआ।

इस आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण मातोश्री अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित पालकी यात्रा रही। करीब 252 वर्ष पहले अहिल्याबाई होल्कर के शासनकाल में निकलने वाली पारंपरिक यात्रा की ऐतिहासिक परंपरा को एक बार फिर इंदौर की सड़कों पर जीवंत किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवा ध्वजों और मातोश्री की प्रतिमा के साथ उत्साहपूर्वक यात्रा में भाग लिया।



**सामाजिक समरसता का भी दिया संदेश-** दिंडी यात्रा में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य सहित मराठी समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ शामिल हुए। श्रद्धालुओं के अनुशासन, उत्साह और भक्ति ने इस आयोजन को केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बना दिया।

**मराठी समाज की एकता का स्वर्णिम अध्याय-** सर्व मराठी भाषी संघ की अध्यक्ष स्वाति काशिद ने कहा कि यह दिंडी यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मराठी समाज की एकता, संस्कृति और भगवान श्री हरी विट्ठल के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या श्रद्धालुओं की सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि मराठी समाज अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह ऐतिहासिक दिंडी यात्रा आने वाले वर्षों में इंदौर की सांस्कृतिक पहचान का एक महत्वपूर्ण उत्सव बनेगी।

**40 साल में पहली बार सातों दिंडियां एक मंच पर**

इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इंदौर में पिछले लगभग 40 सालों से अलग-अलग निकल रही सातों दिंडियां पहली बार एक मंच पर एकत्रित हुईं। इससे मराठी समाज की अभूतपूर्व एकजुटता देखने को मिली। आयोजकों के अनुसार, यह मध्यप्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी दिंडी यात्रा रही, जिसमें शहर ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

**वारकरी परंपरा और मराठी संस्कृति की भव्य झलक**

यात्रा में पारंपरिक मराठी वेशभूषा, भगवा ध्वज, बैलगाड़ियां, लेझीम, ढोल-ताशे, लोकनृत्य, भजन-कीर्तन और विट्ठल नाम संकीर्तन ने महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सजीव कर दिया। करीब 800 वर्षों से चली आ रही वारकरी परंपरा का यह भव्य स्वरूप इंदौर के सांस्कृतिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ गया।

## ग्वालियर में खाना पैक कराने गए युवक से मारपीट

**ग्वालियर।** ग्वालियर के माधौगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ईदगाह कंपू इलाके में शनिवार रात एक शर्मनाक वारदात सामने आई है। यहां होटल में खाना पैक कराने पहुंचे एक युवक के साथ बहस होने पर होटल संचालक और उसके पूरे स्टाफ ने मिलकर बेरहमी से मारपीट कर दी। दबंगों द्वारा युवक को सरेराह पीटने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी, लेकिन उसके बाद फरियादी खुद भी माधौगंज थाना पहुंच गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, चिटनिस की गोठ निवासी करण शाक्य शनिवार रात ईदगाह कंपू क्षेत्र में स्थित एक स्थानीय होटल पर खाना पैक कराने गया था। ऑर्डर देने के दौरान किसी बात को लेकर करण की होटल संचालक से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि होटल मालिक के समर्थन में उसका पूरा स्टाफ और आसपास मौजूद कुछ अन्य लोग भी आ गए। इसके बाद आरोपियों ने कानून हाथ में लेते हुए करण को घेर लिया और लात-घूसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी।

## पहले नाश्ता बेचते थे, नशा बेचकर बनाई करोड़ों की प्रॉपर्टी

**मुरैना।** मुरैना जिले के पोरसा के 20 वर्षीय सर्वेश राठौर की आत्महत्या का मामला अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। सोशल मीडिया पर वायरल सुसाइड वीडियो के बाद परिवार ने मेडिकल संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार का दावा है कि पोरसा के एक मेडिकल स्टोर संचालक ने पहले सर्वेश को उधारी में नशीले इंजेक्शन देकर इसकी लत लगाई। फिर पैसों के लिए इस कदर प्रताड़ित किया कि उसे अपनी जान देना पड़ी। इसी नशे के अवैध कारोबार के दम पर मेडिकल संचालक ने 10 साल में करोड़ों की संपत्ति बना ली। हाईवे किनारे 5 मंजिला इमारत खड़ी कर दी। शुक्रवार को अपने सीने में देशी कट्टे से गोली मारने से ठीक पहले सर्वेश राठौर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इसमें उसने रोते हुए अपना दर्द और पोरसा में फैल रहे नशे के जाल का सच उजागर किया था। घटना के बाद से ही अग्रवाल मेडिकल के संचालक सुनील अग्रवाल और राजू अग्रवाल फरार हैं। उनके घर पर ताला लटका है। पड़ोसियों ने बताया- 10 साल पहले तक तीनों भाइयों (सुनील, राजू और नीरज) की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी। एक भाई मेडिकल पर काम करता था। दूसरा नाश्ते का ठेला चलाता था। लॉकडाउन के दौरान शराब दुकानें बंद हुईं तो इन्होंने नशीले इंजेक्शन बेचना शुरू कर दिया। 135 रुपए का इंजेक्शन 500 रुपए तक में बेचा जाता था। देखते ही देखते इन्होंने कई प्लॉट, गाड़ियां और हाईवे किनारे 5 हजार वर्गफीट में 5 मंजिला मकान खड़ा कर लिया। इसकी कीमत 5 करोड़ रुपए है।

## छतरपुर में अवैध खननःमुरम के लिए पहाड़ी को खोदकर बना दी 20 फीट तक गहरी खाई

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय से सटे बूढ़ा गांव के पास स्थित मध्यप्रदेश शासन के नाम दर्ज पहाड़ी पर पिछले कई महीनों से अवैध मुरम खनन लगातार जारी है। खनन के कारण पहाड़ी का करीब 25 प्रतिशत हिस्सा 20 से 25 फीट गहरी खाई में तब्दील हो गया है। यहां से निकाली जा रही मुरम का उपयोग हाइवे निर्माण, नए मकानों की नींव भराई, अन्य निर्माण कार्यों में किया जा रहा है। पहाड़ी के संरक्षण के लिए पहले जाली लगाई गई थी। पौधारोपण भी कराया गया था। खनन करने वालों ने जाली उखाड़कर फेंक दी। लगाए गए पौधे भी गायब हो गए। पहाड़ी के दो हिस्सों में लगातार उत्खनन हो रहा है। इसके बावजूद पंचायत, राजस्व, संबंधित विभागों की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे पहाड़ी का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है। खनिज संपदा को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है।

## 8 फीट ऊंची बाउंड्री के बीच फैक्ट्रीःएमडी ड्रग्स बनाने वाला 24 किलोग्राम केमिकल जब्त

**मंदसौर।** ग्राम पावटी में खेत से लगे बाड़े में ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री मिली। सीमेंट के लगभग 8-8 फीट ऊंचे पिलरों की बाउंड्री के बीच कमरे से 173 ग्राम एमडी जब्त की गई, वहीं 3 अलग-अलग तरह का 24 किलो 570 ग्राम केमिकल भी मिला। मौके से टीम ने रणजीत-ईश्वर नामक 2 लोगों को पकड़ा। जब्ती स्थल से 2 कार व 4 एंड्रॉइड मोबाइल भी मिले। मामले में पुलिस को फरार 4 आरोपियों की तलाश है। गरोठ पुलिस के मुताबिक एनडीपीएस एक्ट में कुल 6 लोगों पर प्रकरण दर्ज हुआ है, आरोपियों की संख्या आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है। एसपी विनोदकुमार मीना ने बताया मुखबिर की सूचना पर टीम ने ग्राम पावटी स्थित खेत में घेराबंदी कर दबिश दी। भीतर से आरोपी रणजीतसिंह (30) पिता पर्वतसिंह सौंधिया निवासी पावटी व ईश्वरसिंह (37) पिता सौदानसिंह सौंधिया निवासी ढाकनी को गिरफ्तार किया गया। इन्होंने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि तस्करी के नेटवर्क में 4 अन्य साथी राजगढ़ के गोघटपुर निवासी दीपक गुर्जर, बरखेड़ी मिट्ठू निवासी विक्रम उर्फ गुड्डूसिंह पिता बापूसिंह, बर्डिया अमरा निवासी राजेंद्रसिंह पिता किशनसिंह सौंधिया व सीतामऊ के सूरजनी के राजू लाला भी शामिल हैं।

## नशा मुक्ति चुनाव, 'खुशहाल जीवन' को मिले 100 प्रतिशत वोट

**मंडला।** मंडला में मध्य प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत एक विद्यालय में जागरूकता के लिए अनूठे चुनाव का आयोजन किया गया। यह चुनाव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में हुआ, जिसमें नशे के विभिन्न रूपों जैसे ड्रग्स, सिगरेट और तंबाकू को प्रतीकात्मक रूप से चुनावी प्रत्याशी बनाया गया। 'नोटा' के स्थान पर 'खुशहाल जीवन' का विकल्प रखा गया, जो नशामुक्त और स्वस्थ जीवन का प्रतीक था। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस मतदान प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने 'खुशहाल जीवन' के पक्ष में शत-प्रतिशत मत देकर नशे के प्रति अपनी स्पष्ट असहमति जताई। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता का संदेश दिया और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## छात्रा से गैंगरेप के आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर

**चित्रकूट।** चित्रकूट में एक छात्रा से गैंगरेप के आरोपी जितेंद्र उर्फ भोला को पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। दोनों को शिवरामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उल्टउ) में भर्ती कराया गया है। यह मुठभेड़ शनिवार शाम करीब 5 बजे यूपी के चित्रकूट में भरकूप थाना क्षेत्र के मड़था के जंगल में हुई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी जितेंद्र की लोकेशन जंगल में मिलने के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी की। खुद को घिरा देखकर आरोपी ने पुलिस पर दो तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी।

# दतिया उपचुनाव- रामलला की नजर उतारने वाली साध्वी की एंट्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दतिया



दतिया विधानसभा के आखिरी छोर पर बसे बहादुरपुर गांव में नई बहू के स्वागत में मंगल गीत गूंज रहे हैं। इसी दौरान एक किन्नर महिलाओं के साथ गीत गाता है और हाथ जोड़कर अपील करता है, ₹इस बार अपनी इस बहन, एक किन्नर को विधायक बनने का मौका देकर देखिए। यह संजना सिंह हैं, जो दतिया विधानसभा उपचुनाव में 'भारतीय गण वार्ता पार्टी' (भगवा पार्टी) की प्रत्याशी हैं। उनके प्रचार के लिए छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश समेत किन्नर समुदाय के लोग दतिया पहुंचे हैं।

इनमें छत्तीसगढ़ की साध्वी सोम्या दीदी भी शामिल हैं, जिन्होंने अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले उनकी नजर उतारी थी। सोम्या कहती हैं, ₹मैं अपनी सखी संजना के प्रचार में शामिल होकर दतिया की नजर उतारने आई हूं। संजना कहती हैं कि उनके लिए यह चुनाव केवल हार-जीत का नहीं, बल्कि किन्नर समुदाय के प्रति समाज की सोच बदलने की लड़ाई है। उनके मुताबिक, नामांकन के दौरान कुछ वकीलों ने उन पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। वे कहती हैं, ₹मैं यह सोच बदलना चाहती हूं कि किन्नर भी इसी समाज का सम्मानित हिस्सा हैं।

क्या दतिया उपचुनाव के बाद संजना सक्रिय राजनीति में पूरी तरह उतरेंगी? उनका चुनावी अनुभव कैसा रहा और वे किन मुद्दों पर जनता से समर्थन मांग रही हैं?

### बच्चों की नजर उतारी, महिलाओं के साथ गाए मंगल गीत

संजना के चुनाव प्रचार में बड़े नेताओं जैसी कार्यकताओं की भीड़ या गाड़ियों का काफिला नहीं दिखता। वे जिस गली या मोहल्ले में पहुंचने वाली होती हैं, वहां उनकी पार्टी का प्रचार करता ऑटो पहले पहुंच जाता है। ऑटो की आवाज सुनकर लोग उत्सुकता से घरों से बाहर निकल आते हैं।

कुछ देर बाद संजना मुस्कुराते हुए दोनों हाथ जोड़कर लोगों के बीच पहुंचती हैं और समर्थन मांगती हैं। बहादुरपुर गांव में जनसंपर्क के दौरान उन्होंने बच्चों को दुलारते हुए उनकी नजर उतारी।

इसके बाद उन्होंने कहा, ह्लहमें सिर्फ आपका आशीर्वाद चाहिए। आपने बीजेपी और कांग्रेस, दोनों को मौका दिया है। अब एक बार अपनी इस किन्नर बहन को भी अवसर देकर देखिए। आपकी समस्याओं को कभी अनदेखा नहीं किया जाएगा।ह्व

इसके बाद संजना आगे बढ़ जाती हैं। रास्ते में मंगल गीत गाती महिलाओं को देखकर वे उनके बीच बैठ जाती हैं और तालियां बजाते हुए गीत में शामिल हो जाती हैं। अंत में वे विनम्रता से अपने लिए वोट की अपील करती हैं।

### साध्वी सौम्या बोलीं- ह्यदतिया की नजर उतारने आई हूं

संजना के प्रचार में शामिल साध्वी सौम्या दीदी जनता से कहती हैं, ह्यआपने वर्षों तक बीजेपी और कांग्रेस को मौका दिया है। इस बार एक किन्नर प्रत्याशी को भी चुनकर देखिए। दतिया की रक्षा के लिए मां पीतांबरा विराजमान हैं, लेकिन किन्नरों की दुआएं भी शुभ मानी जाती हैं। हमारी सखी संजना सिंह मैदान में हैं, इसलिए दतिया को कभी कोई नजर नहीं लगेगी।ह्व सौम्या का कहना है कि पुरुषों और महिलाओं की तरह किन्नर समुदाय भी राजनीति की जिम्मेदारी गंभीरता से निभा सकता है। सामाजिक क्षेत्र में भी हमारा समुदाय काम कर रहा है। फिर राजनीति में हमारी भागीदारी क्यों न हो? हम व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। जनता के समर्थन पर संजना कहती हैं, ₹लोगों का अच्छा सहयोग मिल रहा है।

### ड्राइवर ने गुटखा थूकने के लिए गाड़ी का गेट खोला, बाइक टकराई

# भाजपा नेत्री की कार ने बच्चे को कुचला, पोते की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भिंड

भिंड में दादा के साथ बाजार जा रहे चार साल के मासूम की मौत हो गई। नेशनल हाईवे-719 पर भाजपा की पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा शर्मा की ब्रेजा कार का गेट ड्राइवर ने चलते वाहन में अचानक खोल लिया।

ओवरटेक कर रही बाइक कार के गेट से टकरा गई। टक्कर के बाद मासूम उछलकर सड़क पर गिरा और कार के पहिए के नीचे आ गया। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने ड्राइवर की पिटाई कर हाईवे पर जाम लगा दिया। देहात थाना क्षेत्र के कनकूरा गांव के पास शनिवार शाम हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, चार वर्षीय देवांश यादव अपने दादा सुनील यादव के साथ बाइक से भिंड बाजार जा रहा था। कुंवारी नदी पुल के पास वे ब्रेजा कार को ओवरटेक कर रहे थे।

टक्कर इतनी तेज थी कि देवांश उछलकर सड़क पर गिरा और कार के पहिए की चपेट में आ गया। सिर पर पहिया गुजरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दादा सुनील यादव भी घायल हुए हैं।

सूचना मिलते ही फूप और देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात नियंत्रित किए। हाईवे पर करीब आधा किलोमीटर लंबा जाम लग गया था, जिसे बाद में खुलवाया गया।ली है।



### ड्राइवर ने गुटखा थूकने के लिए खोला था गेट

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार चालक चलते वाहन में गुटखा थूकने के लिए गेट खोल रहा था। इसी वजह से बाइक सीधे दरवाजे से टकरा गई। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है। देवांश के पिता दुर्गेश यादव ट्रक ड्राइवर हैं। परिवार के मुताबिक, देवांश उनका इकलौता बेटा था। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने कार चालक को घेर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चालक ने कहा, ₹मैं क्या करूं, मैंने कुछ नहीं किया।₹ इसके बाद लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। इसी दौरान पीछे से आ रहे राहुल शर्मा ने घटना का वीडियो बनाना शुरू किया। आक्रोशित लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर मोबाइल छीन लिया। राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## गांव उगरान में कांग्रेस नेताओ ने शोक संवेदना व्यक्त की



ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

नीमच विधानसभा क्षेत्र के गांव उगरान में कांग्रेस नेताओ के साथ ठा प्रताप सिंह ,ठा साहब गोपाल सिंह के बड़े भाई साहब एवं भंवर सिंह के पूज्य पिताजी ठा साहब भेरु सिंह सिसोदिया के आकस्मिक स्वर्गवासी हो जाने पर 24 जुलाई 26 को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने उनके निज निवास पर उपस्थित होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर शोक संवेदना व्यक्त करी। इस अवसर पर आपके साथ कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वैकेंसी निकली, न विज्ञापन जारी हुआ

### ग्वालियर में फर्जी दस्तावेज से मिलिट्री हॉस्पिटल में की नियुक्तियां



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर के सेना के मिलिट्री अस्पताल में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्तियों का मामला सामने आया है। शिकायत सेना मुख्यालय तक पहुंच गई है। आरोप है कि बिना रिक्तियां निकाले और बिना पदों का विज्ञापन जारी किए पत्नी व रिश्तेदारों को नौकरी दी गई। भर्ती प्रक्रिया में कुछ अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका होने का भी आरोप लगाया गया है।

मामला उस समय सामने आया, जब सेना भर्ती फजीर्वाड़े से जुड़े एक व्यक्ति के पुत्र वंशप्रताप की पांचवीं कक्षा में कथित फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर हुई नियुक्ति की जांच के दौरान सेना अस्पताल की नियुक्तियों से जुड़े दस्तावेज सामने आए। शिकायत के अनुसार, सेना अस्पताल में पदस्थ स्टेनो संतोष कुमार ने वर्ष 2013-14 में अपनी पत्नी रामेश्वरी की वार्ड सहायिका पद पर नियुक्ति कराई। इसके लिए 19 सितंबर 2013 का नियुक्ति पत्र जारी होने का दावा किया गया है, लेकिन विभागीय रिकॉर्ड में यह पत्र उपलब्ध नहीं है।

### 2014 की आठ नियुक्तियां भी जांच के दायरे में

शिकायत में दावा किया गया है कि वर्ष 2014 में हुई आठ नियुक्तियों में भी फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। इन नियुक्तियों की भी जांच की मांग की गई है। मिलिट्री अस्पताल के कमांडेंट ब्रिगेडियर गोपाल कृष्ण श्रीधर ने कहा कि यह मामला पुराना है।

## ग्वालियर- व्यापारी से कारोबारी बनकर 5.59 लाख की ठगी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में व्यापार की आड़ में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। हेमसिंह की परेड निवासी फुलझड़ी कारोबारी फैजान खान और उनके चाचा अकील खान से एक ठग ने सस्ते दाम पर आतिशबाजी का कच्चा माल दिलाने का झांसा देकर ?5.59 लाख की ठगी कर ली। माल नहीं मिलने पर दोनों हरदा पहुंचे तो पता चला कि जिस फैक्ट्री के नाम पर सौदा हुआ था, वह दो साल से बंद पड़ी है। शिकायत पर ग्वालियर साइबर सेल ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फैजान खान ने पुलिस को बताया कि 10 सितंबर 2025 को उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को हरदा के एक बड़े पटाखा कारोबारी का बेटा बताया। उसने बाजार से कम कीमत पर तार-फुलझड़ी का कच्चा माल उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। त्योहार का सीजन होने के कारण उन्होंने सौदा तय कर लिया। आरोपी ने एडवांस बुकिंग और माल लोडिंग के नाम पर रुपए मांगे।

### ओरछा में सीएम काफिले के रास्ते 1 किमी तक जाम

# सड़क पर खड़े वाहनों से रूट बदलना पड़ा; होटल संचालक पर होगी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ओरछा

निवाड़ी जिले की पर्यटन नगरी ओरछा में शनिवार देर रात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अचानक पहुंचने के दौरान होटल प्रबंधन की पार्किंग व्यवस्था में लापरवाही सामने आई।

होटल ओरछा पैलेस में विवाह समारोह के चलते सड़क पर करीब 1 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इसी मार्ग से मुख्यमंत्री का काफिला गुजरना था। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन को काफिले का निर्धारित रूट बदलना पड़ा।

मुख्यमंत्री के काफिले के निर्धारित मार्ग पर होटल से करीब 1 किलोमीटर तक वाहनों की कतार लगी थी। बताया गया कि होटल में आयोजित विवाह समारोह में बड़ी संख्या में मेहमान पहुंचे थे, लेकिन उनके वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं की गई थी। इसके चलते वाहनों का दबाव सड़क पर बढ़ गया और यातायात बाधित हो गया।




### एसपी बोले- पार्किंग व्यवस्था नहीं थी

पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया ने बताया कि होटल प्रबंधन ने पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था किए बिना बड़ी संख्या में मेहमानों को बुलाया था। इससे सड़क पर अव्यवस्था की स्थिति बनी और आम लोगों के साथ प्रशासन को भी परेशानी हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए होटल प्रबंधन के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### आज कलेक्ट्रेट भवन का करेंगे लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रात्रि विश्राम शीश महल होटल में निर्धारित है। रविवार को वे निवाड़ी में नवीन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण और छात्राओं को साइकिल वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री विकास कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ विभिन्न हितग्राही योजनाओं के लाभ भी वितरित करेंगे।

# 41 जिलों में ज्यादा बारिश,14 में कम, बीते सप्ताह 3.3 इंच पानी गिरा, अब तक 13 इंच; देवास-भोपाल में सबसे ज्यादा


ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में जुलाई के तीसरे हफ्ते 3.3 इंच बारिश हुई है। इससे कई जिलों की तस्वीर बेहतर हो गई है। भोपाल, इंदौर समेत कुल 41 जिले ऐसे हैं, जहां पर कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है। वहीं, 14 जिलों में आंकड़ा माइनस में है। देवास में सबसे ज्यादा करीब 20 इंच और आलीराजपुर में सबसे कम 4 इंच ही बरसात हुई है।

मौसम केंद्र के मुताबिक, प्रदेश में अब तक 13 इंच बारिश हो चुकी है। यह औसत बारिश 14.6 इंच से 1.6 इंच कम है। यानी, प्रदेश में 11% पानी कम गिरा है। बता दें कि इस बार मानसून 9 दिन देरी से 24 जून को पहुंचा था और अगले नौ दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लिया। देरी की वजह से प्रदेश में जून महीने में 30 प्रतिशत बारिश कम हुई थी, लेकिन जुलाई के पहले सप्ताह में ये आंकड़ा प्लस में 8 प्रतिशत पर आ गया। दूसरे सप्ताह में मानसून कमजोर रहा। कहीं भी भारी बारिश नहीं हुई।

### प्रदेश के 14 जिलों में तस्वीर बेहतर

प्रदेश के 14 जिलों में बारिश का आंकड़ा प्लस और 41 जिलों में माइनस में है। पूर्वी हिस्से में निवाड़ी ही ऐसा जिला है, जहां औसत से ज्यादा पानी गिरा है। कम बारिश वाले 41 जिलों में अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, झाबुआ, मुरैना, नर्मदापुरम, रायसेन, रतलाम, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन और विदिशा शामिल हैं। वहीं, ज्यादा बारिश वाले 14 जिले- मंदसौर, दमोह, सिवनी, निवाड़ी, आगर-मालवा, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, देवास, हरदा, इंदौर, नीमच, राजगढ़, सीहोर और है।



### डैम-नदियों में भी पानी की कमी

प्रदेश के डैम और नदियों में पानी कम है। नर्मदा, लखुदंर समेत कई नदियों में पानी आ गया था, लेकिन दूसरे सप्ताह में सूखे जैसे हालात रहे। अब फिर से नदियों में पानी आ रहा है। हालांकि, लगातार तेज बारिश की दरकार है।

### मध्यप्रदेश में कैसा रहेगा यह सप्ताह

मौसम एक्सपर्ट शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि पिछले कुछ दिन से निचले स्तरों पर पर्याप्त नमी, व्यापक बादल, हल्की से मध्यम हवाएं और कई क्षेत्रों में वर्षा के प्रत्यक्ष संकेत इस बात की पुष्टि करते हैं कि मानसूनी परिसंचरण मजबूत था। आने वाले दिनों में भी अच्छी बारिश के संकेत है। जुलाई का आखिरी दिनों में तेज बारिश होने

# खाद्य विभाग की जांच में 100 गैस सिलेंडर गायब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उमरिया

उमरिया जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में अनियमितताओं की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। नौरोजाबाद स्थित कालरी सहकारी समिति द्वारा संचालित बीपीसीएल गैस गोदाम में शनिवार को हुई जांच में रिकॉर्ड से 100 गैस सिलेंडर कम पाए गए।

प्रभारी खाद्य अधिकारी रोहित सिंह के नेतृत्व में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जागृति प्रजापति और प्रदीप मिश्रा की टीम ने गोदाम का निरीक्षण किया। टीम ने उपलब्ध सिलेंडरों की भौतिक गिनती की और अभिलेखों का मिलान किया। इस जांच में दस्तावेजों और वास्तविक स्टॉक के बीच 100 सिलेंडरों का अंतर पाया गया।

प्रारंभिक जांच में गोदाम संचालन में गंभीर लापरवाही



सामने आने के बाद प्रभारी खाद्य अधिकारी रोहित सिंह ने मामले का प्रतिवेदन तैयार कर कलेक्टर को भेज दिया है। खाद्य विभाग ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से प्राप्त गैस रिफिलिंग में देरी और आपूर्ति संबंधी अन्य शिकायतों की भी जांच की जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

# 12 साल में 116 पेपर लीक, 7.5 करोड़ बच्चे प्रभावित

## 19 राज्यों में पेपर माफिया, निशाने पर शिक्षक-पुलिस भर्तियां; नीट से सालों का गुस्सा फूटा



देश में पेपर लीक अब किसी एक परीक्षा या राज्य की समस्या नहीं रह गई है। यह पूरे देश में फैले एक बड़े संगठित नेटवर्क का रूप ले चुका है। 2014 से जुलाई 2026 तक मीडिया रिपोर्टों और सरकारी कार्रवाई के आधार पर कम से कम 116 पेपर लीक के मामले सामने आए हैं। इन मामलों से करीब 7.5 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए और पेपर माफिया का नेटवर्क 19 राज्यों तक फैला मिला। 2014 से 2024 के बीच 89 मामले सामने आए थे।

इनमें 21 केंद्रीय संस्थानों और 68 राज्य स्तरीय परीक्षाओं से जुड़े थे। इसके बाद 2025 में 20 और 2026 में जुलाई तक नीट-यूजी समेत 7 पेपर लीक के मामले दर्ज किए गए।

### 2019 से 65 पेपर लीक, तीन लाख सरकारी नौकरियों की भर्ती अटकी

देशभर में जनवरी 2019 से जून 2024 के बीच 19 राज्यों में 65 परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए। इनमें सरकारी भर्तियों से लेकर प्रवेश, बोर्ड और विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं शामिल हैं। इन 65 मामलों में 45 सरकारी भर्ती परीक्षाओं से जुड़े थे। पेपर लीक के कारण कम से कम 27 परीक्षाएं रद्द या स्थगित करनी पड़ीं। इससे तीन लाख से अधिक सरकारी पदों पर भर्ती अटक गई। सबसे ज्यादा निशाने पर शिक्षक और पुलिस भर्ती परीक्षाएं रहीं। उत्तर प्रदेश 11 मामलों के साथ सबसे ऊपर रहा। मध्य प्रदेश और राजस्थान में नौ-नौ, महाराष्ट्र में छह और गुजरात में पांच मामले दर्ज हुए। केंद्र की एसएससी, केंद्रीय विद्यालय संगठन, यूपीएससी, सेना, ओएनजीसी और कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड जैसी आठ भर्ती परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं। इससे भर्तियां दो से आठ महीने तक खिंचीं। 2025-26 में बोर्ड, भर्ती, पात्रता, विश्वविद्यालय और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं तक पेपर लीक जारी रहे। नीट पेपर लीक के बाद 21 बच्चों ने सुसाइड किया, उखढ का आंदोलन और प्रधान का इस्तीफा




## इन बच्चों को इंसाफ मिलना बेटी के लिए बड़ी श्रद्धांजलि

### केस-1 : सोचा नहीं था कि परीक्षा बेटी छीन लेगी...

नीट पेपर लीक बाद खुदकुशी करने वाली सना के पैरेंट्स शेख जाफर हुसैन एवं हबीबुन्निसा कहते हैं- हमने कभी नहीं सोचा था कि एक परीक्षा हमारी बेटी को छीन लेगी। हाथ जोड़कर सरकार से यही कहने आए हैं कि इन बच्चों को इंसाफ मिल जाए, यही हमारी सना के लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी।

### केस-2 : री-नीट कठिन होने के कारण जान दे दी थीङ्ग

मिस्बाह के पिता शेख खलील कहते हैं- क्या शिक्षा मंत्री के इस्तीफा देने से मेरी बेटी वापस आ जाएगी? दूसरे बच्चे ऐसा खौफनाक कदम न उठाएं, इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? सिस्टम की खामियां कैसे दूर किया जाए, इस पर विचार होना चाहिए।

### केस-3 : मेरा बेटा हारा नहीं था, सिस्टम ने उसे छीनाङ्ग

कहान के पिता प्रशांत ने कहा, मेरा बेटा हारकर नहीं गया, उसे इस व्यवस्था ने छीन लिया। किसी और पिता को बेटे का सपना ऐसे टूटते हुए न देखना पड़े। प्रदीप के माता-पिता बोले : किसी और का बेटा बच जाए, यही होगी सच्ची श्रद्धांजलि गुढ़ागौड़जी (झुंझुनूं) राजस्थान के झुंझुनूं निवासी दिवंगत नीट अभ्यर्थी प्रदीप मेघवाल के माता-पिता राजेश मेघवाल और सुशीला देवी ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे का स्वागत किया। पिता ने कहा कि अगर इस फैसले से भविष्य में किसी और छात्र की जान बचती है, तो यही उनके बेटे के लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। मां सुशीला देवी ने कहा, अब ऐसी व्यवस्था बने कि किसी मां को अपने बेटे की तस्वीर के सामने रोना न पड़े।

# भागवत बोले- नई पीढ़ी को आदेश न दें, बातचीत करें

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को दिल्ली में कहा, 'आज की नई पीढ़ी बहुत सारे सवाल पूछती है। हमें आदेश देने की बजाय उनसे बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें हर बात के पीछे का तर्क समझाना चाहिए, न कि आदेश देना चाहिए। संवाद के जरिए ही उन्हें सही दिशा दिखाई जा सकती है। हम मनमानी करेंगे, शक्ति से सबके मालिक बनेंगे, ऐसा नहीं हो सकता। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब देश में पेपर लीक के मुद्दे को लेकर छात्र जंतर-मंतर प्रदर्शन कर रहे हैं। मोहन भागवत ने कहा, ह्यपहले के समय में माता-पिता की बात बिना किसी सवाल के मान ली जाती थी। जब हम छोटे थे, तो माता-पिता जो कहते थे, वही अंतिम होता था ह्र कोई बहस नहीं होती थी। श्रद्धा थी और प्रतिक्रिया भी नहीं होती थी, लेकिन अब समय बदल गया है। नई पीढ़ी सवाल पूछती है और उन्हें हर बात का तर्क बताना पड़ता है। नई पीढ़ी को बहुत अपनापन देने की जरूरत है, उन्हें समय देने की जरूरत है और सबसे ज्यादा संवाद की जरूरत है।

### गुजरात, महाराष्ट्र-ओडिशा में बारिश का रेड अलर्ट

# असम में 66 की मौत, बाढ़ से 7 लाख लोग प्रभावित; हिमाचल में लैंडस्लाइड से 134 सड़कें बंद

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से बने लो प्रेशर और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से गुजरात, बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश हो रही है। लेकिन यह बारिश अब भी सामान्य से 16.1% कम है। उत्तर भारत में 31 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहेगा। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड में तेज बारिश की संभावना है। हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब समेत कई राज्यों में भारी बारिश होगी। इधर, असम में बाढ़ के हालात अब भी गंभीर हैं, कुछ इलाकों में पानी उतरना शुरू हो गया है। अब तक 66 की मौत हो चुकी है। 7 लाख से ज्यादा लोग अब भी बाढ़ से प्रभावित हैं।

हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से शनिवार शाम तक 134 सड़कें बंद रहीं। 30 जुलाई के बीच 4 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। बिहार के 17 जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। अहमदाबाद में सनथल क्रॉस रोड के पास भारी बारिश के बाद एक व्यक्ति पानी से भरी सड़क से गुजरता हुआ, वह सीने तक पानी में डूबा हुआ है।



राजस्थान में मानसून अब कमजोर होने लगा है। शनिवार को कुछ जिलों में धूप रही, जिससे उमस-गर्मी बढ़ गई। जोधपुर संभाग के एरिया में अच्छी बारिश हुई। जालोर, बाड़मेर, पाली, जोधपुर में 1 से 3 इंच तक बरसात हुई। सबसे ज्यादा पानी बाड़मेर के सेड़वा में बरसा। वहीं, मौसम विभाग ने 26 जुलाई को 3 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। पूरी खबर पढ़ेंङ्ग बिहार के 17 जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया

# पेपर लीक के खिलाफ कल नया बिल आ सकता है: जांच के लिए 2 महीने मिलेंगे

**10 साल जेल और 50 लाख तक जुमार्ने का प्रावधान**

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

केंद्र सरकार पेपर लीक रोकने के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 में संशोधन करने जा रही है। पीएम नरेंद्र मोदी के आश्वासन के बाद सरकार सोमवार को लोकसभा में नया बिल पेश कर सकती है। इसमें सजा और जुमार्ने के प्रावधानों को और सख्त किया गया है। प्रस्तावित कानून के तहत अनुचित साधनों का उपयोग करने पर अब कम से कम 5 साल और अधिकतम 10 साल की जेल होगी। साथ ही 50 लाख रुपए तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। मौजूदा कानून में यह सजा 3 से 5 साल की जेल और 10 लाख रुपए जुमार्ना थी।

सर्विस प्रोवाइडर के लिए भी नियम कड़े किए गए हैं। दोषी पाए जाने पर सर्विस प्रोवाइडर पर 5 करोड़ रुपए तक का जुमार्ना लगेगा और परीक्षा का खर्च भी वसूला जाएगा।

साथ ही, उन्हें 8 साल तक किसी भी सार्वजनिक परीक्षा से बैन कर दिया जाएगा।




मौजूदा कानून में जुमार्ना 1 करोड़ रुपए और बैन 4 साल का था। पेपर लीक से जुड़े संगठित अपराधों के लिए कम से कम 7 साल और अधिकतम 10 साल की जेल का प्रावधान है। इसमें 10 करोड़ रुपये तक का जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह सोमवार को यह बिल लोकसभा में पेश करेंगे।

बिल में दो नई धाराएं 12ए और 12बी जोड़ी गई हैं। इसके तहत केंद्र सरकार एक स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर सकेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी या एसआईटी को केंद्र सरकार द्वारा मामला सौंपे जाने के 2 महीने के भीतर जांच पूरी करनी होगी।

फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए रोजाना सुनवाई होगी। राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट नामित करेंगे।

### ईरान पर सबसे बड़े हमले से पीछे हटे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ बड़े हमले को फिलहाल टाल दिया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, टॉप मिलिट्री अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बड़ी कार्रवाई से अमेरिकी सेना के पास मौजूद पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का स्टॉक तेजी से घट सकता है। जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने सलाह दी कि बड़े अभियान से मिडिल-ईस्ट में तैनात अमेरिकी सैनिकों और सहयोगी देशों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल के अंत तक अमेरिका 1200 से ज्यादा पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलें इस्तेमाल कर चुका था।

हालांकि ट्रम्प ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर सभी विकल्प खुले हैं। फिलहाल सैन्य कार्वाई की बजाय अमेरिका ने ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाते हुए कारोबारी बाबेक जंजानी के नेटवर्क से जुड़ी 9 कंपनियों और 4 लोगों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं।

# पंजाब कांग्रेस में ऑल इज नॉट वेल, चन्नी के साथ बाजवा, वडिंग अलग-थलग पड़े

ब्रह्मास्त्र ›› चंडीगढ़

दिल्ली में हाईकमान से बैठक के बाद हाईकमान व पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल पंजाब कांग्रेस में ऑल इज वेल के दावे कर रहे हैं, लेकिन ग्राउंड लेवल पर सच्चाई यह है कि पंजाब कांग्रेस में ऑल इज नॉट वेल है।

शनिवार को पंजाब के बरनाला में ऐसा हुआ कि कांग्रेस में हाईकमान के दावे फेल हो गए और पूर्व उट चरणजीत सिंह चन्नी और पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग गुट की गुटबाजी खुलकर सामने आ गई।

चन्नी का गुट पूरी तरह एकजुट दिख रहा है और उसे प्रताप सिंह बाजवा का भी साथ मिल रहा है। वहीं, वडिंग गुट अब पूरी तरह से अलग चलने लगा है। बरनाला में एक ही कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दोनों गुट साथ नहीं पहुंचे। पॉलिटिकल एक्सपर्ट का मानना है कि ऐसा करने से कांग्रेस कार्यकताओं में सीधा संदेश जा रहा है कि दिल्ली की बैठक में कुछ भी ठीक नहीं हुआ और पंजाब में दोनों के गुट अब भी बरकरार हैं।



**कांग्रेस ने किया था सफाई सेवकों को समर्थन देने का ऐलान:** पंजाब के बरनाला में आम आदमी पार्टी (अअढ) सरकार के खिलाफ सफाई कर्मचारियों की महापंचायत थी। यह महापंचायत सफाई सेवकों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में बुलाई गई थी। कांग्रेस पार्टी ने सफाई कर्मचारियों के इस संघर्ष और इंसाफ की लड़ाई को पूरा समर्थन देने का ऐलान किया था। लेकिन, इंसाफ की इस लड़ाई में भी पंजाब कांग्रेस अपनी अंदरूनी रार और गुटबाजी को छुपा नहीं सकी।

# लुधियाना- कपड़ा कारोबारी ने की बहू से रेप की कोशिश, पीड़िता बोली- गलत तरीके से छुआ

ब्रह्मास्त्र ›› लुधियाना

लुधियाना के पॉश इलाके साउथ सिटी में रेप की कोशिश का एक हाई-प्रोफाइल मामला सामने आया है। इलाके में रहने वाले एक कपड़ा कारोबारी के घर ब्याही महिला ने कारोबारी ससुर और देवर पर रेप की कोशिश करने के आरोप लगाए हैं।

उसका कहना है कि उसके पति के किसी दूसरी महिला के साथ संबंध हैं। इस पर ससुर का कहना था कि यह नॉर्मल बात है। इसके बाद ससुर ने उसे गलत तरीके से छुआ। वहीं, सास ने देवर और ससुर के साथ संबंध बनाने का दबाव डाला। कहती थी कि घर में तभी टिकने देगी। विरोध करने पर लेडी बाउंसर से पिटाई भी करवाई।

पीड़िता ने इस मामले की शिकायत 19 जुलाई को पुलिस को दी। इसके बाद 20 जुलाई को पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। हालांकि, तब से इस मामले को पुलिस ने दबाए रखा। शनिवार को इसकी FIR सामने आई है।

**मैट्रिमोनियल साइट से हुई थी शादी:** पीड़िता के मुताबिक, अक्टूबर 2016 में मैट्रिमोनियल साइट के जरिए उसकी शादी साउथ सिटी के रहने वाले कारोबारी परिवार में हुई थी। पति और ससुर की फैब्रिक फैक्ट्री है। शादी के बाद उसे दो बच्चे हुए (एक बेटा और एक बेटी), जो कि स्पेशल चाइल्ड हैं। **पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध:** महिला ने बताया- सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन कुछ समय बाद उसे पता चला कि उसके पति के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध हैं।

# राहुल गांधी बोले-प्रधान करप्शन का सिंबल, उन्हें जाना ही था

## एजुकेशन सिस्टम खोखला कर दिया, सरकार इसे बदलने के लिए कदम उठाए

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद मीडिया से कहा- प्रधान को तो जाना ही था। अच्छा है चला गया। वो भ्रष्टाचार का सिंबल है। उसने देश के एजुकेशन सिस्टम खोखला कर दिया। मेरी तरफ से छात्रों को जो सपोर्ट चाहिए हम तैयार हैं। हम छात्रों और उनके भविष्य को बचाने के लिए खड़े हैं।

राहुल ने कहा- हमारा शिक्षा सिस्टम, जिसे कभी दुनिया भर में अच्छा माना जाता था, उस पर हमले हो रहे हैं, उस पर कब्जा किया जा रहा है। उसका निजीकरण किया जा रहा है। इसमें जितनी गलती पीएम की है। उतनी ही आरएसएस की है।

राहुल ने कहा- छात्रों पर हुई हिंसा के लिए अमित शाह सीधे जिम्मेदार हैं। छात्रों पर चलाई गई पैलेट गन के लिए जिम्मेदार हैं। हम यह नहीं स्वीकार कर सकते कि पुलिस छात्रों पर इस तरह का एक्शन ले।



### दिन में कहा था- प्रधान का मंत्रालय बदले ये भी मंजूर नहीं

इससे पहले दिन में भी पेपर लीक मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा था, ह्यशिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटना ही होगा। सरकार सोच रही है उनका मंत्रालय बदल दिया जाए, लेकिन यह मंजूर नहीं।ह्र

राहुल गांधी ने कहा, ह्यनरेंद्र मोदी को युवाओं से माफी मांगनी ही होगी। वे भारत के अतीत हैं और अतीत कभी भविष्य से लड़ नहीं सकता। उनके साथ लेफ्ट संगठन अकरअ की छात्राएं भी थीं। तीनों ने जंतर-मंतर पर 23 दिन की भूख हड़ताल की थी। इससे पहले राहुल ने शुक्रवार को भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।

### राहुल ने कहा था- प्रधान क्रिमिनल शिक्षा मंत्री

राहुल ने कहा, ह्यधर्मेंद्र प्रधान एक अपराधी शिक्षा मंत्री हैं। वे हमारे एजुकेशन सिस्टम के ध्वस्त होने का प्रतीक हैं। उन्हें जाना ही होगा। उन्हीं की वजह से हजारों लोग सड़कों पर हैं।ह्र

उन्होंने छात्र के हाथ, पीठ और छाती में लगे घाव को दिखाया। राहुल ने कहा, ह्यमैं यह बताना चाहता हूं कि यहां खड़ा मेरा भाई उस समय पैलेट गन से घायल हो गया था, जब वह तिरंगा लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन कर रहा था। 20 जुलाई को नीट पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी ने संसद मार्च निकाला था। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों की झड़प में 100 से ज्यादा छात्र और पुलिसकर्मी घायल हुए थे। साहिल इनमें से एक है।

■ वर्ष-12 अंक-263 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

सत्येन धार्यते पृथ्वी सत्येन तपते रविः।
सत्येन वायवो वान्ति सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम्॥

**भावार्थ** : सत्य से पृथ्वी का धारण होता है, सत्य से सूर्य तपता है, सत्य से पवन चलता है। सब सत्य पर आधारित है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 26 जुलाई, 2026

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

**भावार्थ** : धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है।

## सम्पादकीयम्

### ३७० मूल्यस्य बिरयानी विषये कथितेन मजाकेन

370 मूल्यस्य बिरयानी इत्यनेन एकस्याः युवतीयाः 'मूल्यं' निर्धारितं, 'सभ्य' समाजः च हसति, तालीवादनं च कृतवान्। भारतं संस्कृतिमूल्यानां भूमिः इति कथ्यते; अत्र प्राचीनश्लोकेषु स्त्रियः पूज्यन्ते–यात्रा नार्यस्तु पूज्यन्ते (यत्र नारी पूज्यन्ते...)। केवलं एकः लघुः तकनीकी-अवरोधः अस्ति यत् एषा पूजा पुस्तकेषु, भाषणेषु, व्हाट्सएप्-स्थितौ च सीमितम् अस्ति। यथार्थतः सा एव महिला 370 बिरयानी मूल्यं यावत् न्यूनीभवति। तदनन्तरं सामाजिकमाध्यमेषु कोलाहलस्य मध्ये युवकस्य कार्यं त्यक्तम्, प्राथमिकी कृता, महिलाआयोगेन च अस्य विषयस्य संज्ञानं गृहीतम्। केचन एतैः कर्मभिः सन्तुष्टाः सन्ति, बहवः भ्रान्ताः भवन्ति-किमर्थं सः निष्कासितः इति चिन्तयन्तः, सर्वेषां उपरि किं आगतं इति पृच्छन्ति च, यत् सः मात्रं विनोदं करोति स्म इति दृष्ट्वा। भवान् अपि सम्भवतः तत् वायरल्-वीडियो दृष्टवान् अस्ति। गुरुग्रामस्य एकः निगमकर्मचारिणः, स्टैण्ड-अप-हास्य-प्रदर्शनस्य चचार्यां स्नानः, 370-रूप्यकाणां बिरयानी-इत्यस्याः स्त्रियाः उपचारस्य विषये, तस्य 'निवेशस्य' प्रतिफलं प्राप्तुं सः यत् रणनीतिं प्रयुक्तवान्, तस्य विषये च एकं आख्यानं आत्मविश्वासेन कथयति एतत जिह्वायाः स्खलनं नासीत्; तत् जानी-बुझकर सज्जतापूर्वकं सेविता मानसिकता आसीत्।

एषा परियोजना केवलं रेलमार्गस्य आधुनिकीकरणे एव सीमितं नास्ति

# भारतस्य प्रथमा हाइड्रोजनरेलगाडी गतिं वर्धयतिः हरित ऊजार्याः ऐतिहासिकं कदमम्

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली



जिन्द-सोनीपत-रेलखण्डे भारतस्य प्रथमायाः हाइड्रोजन-रेलयानस्य परिचालनस्य आरम्भेण भारतीयरेलवे स्वच्छ-ऊजार्याः आधुनिकपरिवहन-प्रौद्योगिक्याः च प्रति ऐतिहासिकं कदमम् अङ्गीकृतवान् प्रथमदृष्ट्या एषा उपलब्धिः केवलं नूतनयानस्य परिचयः इव भासते, परन्तु विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् अस्य महत्त्वं तस्मात् दूरं विस्तृतम् अस्ति। एषा परियोजना केवलं रेलमार्गस्य आधुनिकीकरणे एव सीमितं नास्ति; भारतस्य राष्ट्रिय-हरित-हाइड्रोजन-मिशनस्य, ऊर्जा-आत्मनिर्भरतायाः, भविष्यस्य स्वच्छ-औद्योगिक-अर्थव्यवस्थायाः च आधारशिलारूपेण दृश्यते। फलतः एषा रेलयाना न केवलं नूतनरेलमार्गप्रयोगरूपेण, अपितु राष्ट्रस्य ऊजासंक्रमणे प्रमुखा उपक्रमरूपेण दृश्यते।

भारतीयरेलवे चिरकालात् स्वस्य व्यापकमार्गजालस्य द्रुतगत्या विद्युत्प्रवाहं कुर्वन् अस्ति, अधिकांशमार्गेषु विद्युत्रेलयानानि प्रचलन्ति। एतत् दृष्ट्वा विद्युत्रेलयानानि पूर्वमेव उपलभ्यन्ते स्म तदा हाइड्रोजनरेलयानस्य आवश्यकता किमर्थम् इति प्रश्नः स्वाभाविकः। विशेषज्ञाः व्याख्यायन्ते यत परियोजनायाः उद्देश्यं केवलं वैकल्पिकं रेलयानं चालयितुं न अपितु हाइड्रोजनं परितः सम्पूर्णं औद्योगिकपारिस्थितिकीतन्त्रं विकसितुं भवति-यत्र उत्पादनं, भण्डारणं, परिवहनं, ईंधनकोशप्रौद्योगिकी च सन्ति अत एव भविष्यस्य ऊर्जाप्रौद्योगिकीनां परीक्षणाय, आत्मनिर्भरभारतस्य (आत्मनिर्भरभारतस्य) दृष्टिः उन्नतयितुं च एषः महत्त्वपूर्णः प्रयोगः इति मन्यते ।

जिन्द-सोनीपत-खण्डे प्रक्षेपिता हाइड्रोजन-रेलयानं प्रायः ९० किलोमीट-पर्यन्तं मार्गेण प्रचलति। अस्याः आधुनिकस्य दशकोचयुक्तस्य रेलयानस्य यात्रिकाणां क्षमता प्रायः २६०० अस्ति। मुख्यतया उपनगरीय-मध्यम-दूर-मार्गेभ्यः अस्य विकासः कृतः यत्र प्रतिघण्टां ७५ तः १२० किलोमीर्ट-पर्यन्तं वेगः उचितः इति मन्यते। यात्रिकाणां सुविधायै रेलयाने वातानुकूलनम्, स्वचालितद्वाराणि, आधुनिकसूचनाप्रदर्शनप्रणाली, उन्नतसुरक्षाविशेषता च सन्ति। तदतिरिक्तं हाइड्रोजनस्य लीकेजस्य अथवा सम्भाव्यदुर्घटनानां सन्दर्भे तत्कालं सचेतनानि प्रदातुं अत्याधुनिकसंवेदकाः स्थापिताः सन्ति, येन सुरक्षामानकाः अन्तर्राष्ट्रीयमापदण्डैः सह सङ्गताः इति सुनिश्चितं कुर्वन्ति।

रेलयानस्य सर्वाधिकं उल्लेखनीयं वैशिष्ट्यं तस्य प्रणोदनव्यवस्था अस्ति; अस्मिन् पारम्परिकस्य डीजल-इञ्जिनस्य उपयोगः न भवति। तस्य स्थाने हाइड्रोजनवायुः विशेषटङ्केषु संगृह्यते। ईंधनकोशस्य अन्तः अयं जलवायुः वायुमण्डलीय-आक्सीजनेन सह रासायनिकविक्रियां कृत्वा विद्युत्-उत्पादनं करोति। एषा विद्युत् रेलयानस्य मोर्ट, प्रकाशः, वातानुकूलनव्यवस्थाः, अन्येषां सवेषां विद्युत्सामग्रीणां च शक्तिं ददाति। प्रक्रिया न कार्बनडाय-आक्साइड् न धूमः उत्सर्जयति; केवलं जलवाष्पः एव मुक्तः भवति, येन स्थानीयस्तरस्य रेलयानं प्रायः शून्यप्रदूषणपरिवहनव्यवस्था भवति। परन्तु हाइड्रोजन-रेलयानानां पर्यावरणीय-उपयोगिता हाइड्रोजनस्य उत्पादनं कथं भवति इति विषये विशेषज्ञाः स्पष्टयन्ति।

314 कोटि मेगा परियोजनायाः

## माध्यमेन परिवर्तनार्थं नगरं निर्धारितम्ः प्रत्येकं गृहे जलं प्राप्तुं

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

नगरस्य कृते नगरविकासस्य प्रमुखः माइलस्टोन् प्राप्तः अस्ति। केन्द्रसर्वकारेण नगरस्य जलप्रदायस्य, सीवरेजव्यवस्थायाः च आधुनिकीकरणाय नगरीयचुनौत्यकोषस्य अन्तर्गतं ३१४.१८ कोटिरूप्यकाणां महत्त्वाकांक्षीपरियोजनानां सिद्धांतरूपेण अनुमोदनं प्रदत्तम् अस्ति अस्याः योजनायाः अन्तर्गतं तेषु क्षेत्रेषु स्वच्छं पेयजलस्य आपूर्तिः भविष्यति येषु सम्प्रति पाइपलाइन-संपर्कस्य अभावः अस्ति। तत्सह, सीवरेज-जालस्य महत्त्वपूर्णविस्तारः भविष्यति, प्रथमवारं ५५ ग्रामान् मुख्य-सीवरेज-व्यवस्थायाः सह सम्बद्धं करिष्यति। अधिकारिणः वदन्ति यत् परियोजनायाः परिकल्पना २०४० वर्षपर्यन्तं आवश्यकतानां पूर्तये कृता अस्ति, तस्याः समाप्त्या जबलपुरस्य आधारभूतसंरचनायाः प्रमुखं परिवर्तनं भविष्यति।

मध्यप्रदेशसर्वकारस्य नगरविकासावासविभागस्य अपरमुख्यसचिवः संजयदुबेः नवीदिल्लीनगरे आवासनगरीयकार्यमन्त्रालये आयोजिते सभायां परियोजनानि विस्तरेण प्रस्तुतवान्। मन्त्रालयसचिवः कातिकीथला श्रीनिवासः अपरसचिवः थारा च उपस्थितौ सिद्धान्ततः अनुमोदनं प्रदत्तम्। अनुमोदितराशिषु ?64.18 कोटिरूप्यकाणि जलप्रदायपरियोजनासु व्ययितानि भविष्यन्ति, 250 कोटिरूप्यकाणि सीवरेजव्यवस्थायाः विस्ताराय आधुनिकीकरणाय च विनियोजिताः भविष्यन्ति। जलप्रदायपरियोजनायाः अन्तर्गतं नगरस्य अल्पसेवायुक्तेषु क्षेत्रेषु ३१.७५ किलोमीट दीर्घं नूतनं पाइपलाइनं स्थापितं भविष्यति। तदतिरिक्तं जलसञ्चयक्षमतां वर्धयितुं जलस्य आपूर्तिः सुचारुतया सुनिश्चित्य पञ्च नवीनाः उपरितनसेवाजलाशयाः निर्मिताः भविष्यन्ति।

## राज्यसर्वकारस्य समक्षम् अपरं महत्त्वपूर्णं माङ्गं अपि स्थापितं

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

अस्मिन् अवसरे महासङ्घेन राज्यसर्वकारस्य समक्षम् अपरं महत्त्वपूर्णं माङ्गं अपि स्थापितं अस्ति। महासचिव राकेश डी.पी. पाठकः राज्यसर्वकारेण आग्रहं कृतवान् यत् ऊर्जाविभागस्य अन्तर्गतानाम् सर्वेषां विद्युत्कम्पनीनां पेन्शनभक्षकाणां पेन्शनसुरक्षायाः उत्तरदायित्वं प्रत्यक्षतया स्वीकुर्यात्। तदतिरिक्तं पूर्वं उपलब्धं विद्युत्बिलरियायतं पुनः स्थापयितुं आग्रहः पुनः उक्तः अस्ति। पेन्शनभोगीसंस्थानां कथनमस्ति यत् सेवानिवृत्तकर्मचारिभ्यः नियमितकर्मचारिणां तुलनीयसुविधाः सामाजिकसुरक्षा च प्रदातुं राज्ये लक्षशः परिवारेभ्यः आर्थिकस्थिरता भविष्यति।

## राशिफल

**मेष** : आज आप अपनों के बीच खुशियां बांटेंगे। यात्रा लाभकारी रहेगी। शिक्षा से जुड़े लोगों को अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**वृषभ** : रोमांस के लिहाज से दिन अच्छा रहने वाला है। सेहत में सुधार होगा। व्यापारिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।

**मिथुन** : अपनी सभी परेशानियों का हल मिल सकता है। किसी शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है।

**कर्क** : ऑफिस में कलीग का सहयोग मिलेगा, जिससे काम जल्दी निपट सकता है। भाग्य का साथ मिलेगा।

**सिंह** : जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सुधार होगा। बहुत बड़े निवेश से दूरी बनाए रखें, वरना नुकसान हो सकता है।

**कन्या** : आर्थिक रूप से आप खुद को बेहतर करने की कोशिश करेंगे और सफलता भी पाएंगे।

**तुला** : आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, लेकिन आपको ध्यान रखना होगा कि ज्यादा खर्चा न करें।

**वृश्चिक** : मानसिक शांति प्राप्त करेंगे। यात्रा का योग हैं। व्यावसायिक रूप से आप अच्छे रहेंगे। ऑफिस में अनुकूल परिणाम प्राप्त होंगे।

**धनु** : व्यक्तित्व में निखार आएगा और मेहनत रंग लाएगी। आप अपना खाली समय धार्मिक कार्यों में बिताने का विचार बना सकते हैं।

**मकर** : हालांकि आज धन की कमी का अनुभव कर सकते हैं, लेकिन शाम तक स्थितियां आपके अनुकूल हो जाएंगी।

**कुंभ** : जीवनसाथी के साथ अच्छा समय गुजारेंगे और सरप्राइज भी मिल सकता है। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**मीन** : जरूरत के हिसाब से चीजें जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी। सेहत अच्छी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# शुक्र नक्षत्र परिवर्तन से इन राशि वालों को मिलेगी सफलता, बढ़ेगा आकर्षण और करेंगे यात्रा

शुक्र नक्षत्र परिवर्तन से कुछ राशि वालों को लाभ मिलने के योग बनेंगे। इस समय जातकों को सम्मान-सफलता से लेकर उनकी पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होने की भी अधिक संभावना है।

29 जुलाई 2026 को सुबह उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में शुक्र ग्रह का गोचर होने वाला है। ज्योतिष शास्त्र में उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र को सूर्य का माना जाता है। चूंकि शुक्र और सूर्य के बीच मित्रता का संबंध है, इसलिए इस गोचर का शुभ प्रभाव कई राशियों पर देखने को मिल सकता है। विशेष रूप से जातकों को नौकरी के अच्छे अवसर, व्यापार में सफलता, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव प्राप्त हो सकते हैं। वहीं जातकों के मान-सम्मान में भी वृद्धि होने की संभावना है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।



**वृषभ राशि–** शुक्र ग्रह आपकी राशि के स्वामी हैं, इसलिए यह गोचर आपके लिए काफी लाभदायक साबित हो सकता है। आपकी छवि पहले से अधिक मजबूत होगी और लोग आपके विचारों तथा कार्यों की सराहना करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। लंबे समय से अटके हुए धन की प्राप्ति के भी योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है, जिससे आपका प्रभाव और भी बढ़ सकता है। व्यापारियों को नए ग्राहकों के मिलने की संभावनाएं बनेंगी। कला में आपकी निखार आएगा।

**सिंह राशि–** सिंह राशि के जातकों के लिए शुक्र का यह गोचर सफलता के नए द्वार खोल सकता है। आपका प्रभाव पहले से अधिक मजबूत होगा। आपकी नेतृत्व क्षमता भी पहले से बेहतर होगी और प्रतिभा की खुलकर सराहना होगी। परिवार के साथ संबंध मधुर रहेंगे। आत्मविश्वास में भी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। विवाह के लिए आप किसी को पसंद आ सकते हैं और बात बढ़ सकती हैं।

**तुला राशि–** तुला राशि के स्वामी भी शुक्र ग्रह हैं, इसलिए यह गोचर आपके लिए विशेष शुभ माना जा रहा है। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में अधिक मजबूत होगी। निवेश से जुड़े मामलों में भी लाभ मिलने के संकेत हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। व्यापारियों के लिए विस्तार के अच्छे अवसर बनेंगे। मनचाही यात्रा आप करेंगे।

कॉमनवेल्थ गेम्स का चौथा दिन आज : भारतीय खिलाड़ी 5 खेलों में दिखाएंगे दम

# मीराबाई चानू गोल्ड के लिए उतरेंगी

ब्रह्मास्त्र ›› साउथम्पटन

कॉमनवेल्थ गेम्स के तीसरे दिन भारतीय खिलाड़ी वेटलिफ्टिंग, आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स, लॉन बॉल्स, स्विमिंग और बॉक्सिंग में चुनौती पेश करेंगे। भारतीय की सबसे ज्यादा उम्मीदें वेटलिफ्टिंग से रहेंगी। ओलिंपिक सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई चानू महिला 49 किग्रा फाइनल में उतरेंगी।

दिनभर में कुल 14 गोल्ड मेडल इवेंट्स होंगे। इनमें सबसे ज्यादा 9 स्विमिंग और पैरा स्विमिंग, 3 वेटलिफ्टिंग और 2 आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स में होंगे।

**जिम्नास्टिक्स और लॉन बॉल्स में कई मुकाबले–** जिम्नास्टिक में शाम 4:30 बजे योगेश्वर सिंह और तपन मोहंती पुरुष ऑल-अराउंड फाइनल खेलेंगे। वहीं रात 10:30 बजे महिला ऑल-अराउंड फाइनल होगा। इसमें भारतीय खिलाड़ी क्वालिफाई करने पर उतरेंगे।

लॉन बॉल्स में दोपहर 1 बजे रूपा रानी तिर्की और पिंकी सिंह की जोड़ी महिला पेयर्स सेक्शनल प्ले में नामीबिया से भिड़ेगी। वहीं शाम 7:15 बजे पुतुल सोनोवाल पुरुष सिंगल्स सेक्शनल प्ले में माल्टा के शॉन जेम्स पार्निस का सामना करेंगे।



**वेटलिफ्टिंग में तीन भारतीयों पर नजर–** दोपहर 2 बजे ऋषिकांत सिंह पुरुष 60 किग्रा फाइनल में उतरेंगे। इसके बाद शाम 5:30 बजे मीराबाई चानू महिला 49 किग्रा फाइनल में गोल्ड के लिए मुकाबला करेंगी। रात 11 बजे एम राजा पुरुष 65 किग्रा फाइनल में हिस्सा लेंगे।

**स्विमिंग और बॉक्सिंग में भी चुनौती–** स्विमिंग में शाम 4:39 बजे श्रीहरि नटराज, आर्यन नेहरा, अनीश गौड़ा और धाक्शन शशिकुमार पुरुष 4200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले हीट्स में उतरेंगे। क्वालिफाई करने पर भारतीय टीम रात 1:56 बजे फाइनल खेलेगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार 27 जुलाई को होगा।

बॉक्सिंग में रात 10:45 बजे प्रीति पवार महिला 54 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ-16 में मलावी की डेबोरा मटेंजे से भिड़ेंगी। इसके बाद रात 11:45 बजे जदुमणि सिंह पुरुष 55 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ-16 में पाकिस्तान के मुक्केबाज का सामना करेंगे। 27 जुलाई को रात 12:45 बजे आदित्य प्रताप यादव पुरुष 65 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ-16 में युगांडा के मुक्केबाज के खिलाफ उतरेंगे।

### नाम झुन्नू था, दिव्यांगता के कारण लोग झंडू कहने लगे

- कॉमनवेल्थ गेम्स में पैरा पावरलिफ्टिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले झंडू कुमार के लिए उनकी मां कमला देवी के शब्द सबसे बड़ी प्रेरणा बने। मुकाबले से कुछ देर पहले व्हाट्सऐप कॉल पर मां ने बेटे से कहा, ह्यबेटा, जब वहां तक पहुंच ही गए हो, तो देश का तिरंगा फहरा कर आना। पहला, दूसरा और तीसरा स्थान में से कोई भी स्थान लेकर आना।
- मेडल जीतने के बाद झंडू ने सबसे पहले मां को फोन किया और कहा, ह्यतोहनी के आशीर्वाद से जीत गई लो मइया (मां, आपके आशीर्वाद से मेडल जीत गया)।
- बड़े भाई कुंदन कुमार ने बताया कि हम चार भाइयों में झंडू सबसे छोटे हैं। एक भाई का निधन हो चुका है। मुकाबले से पहले शुक्रवार रात करीब 8 बजे झंडू ने घर पर फोन किया था। परिवार के सभी लोगों ने उन्हें विजयी भव कहकर आशीर्वाद दिया। इसके बाद उन्होंने मां से बात की। मां ने कहा, ह्यजब वहां तक पहुंच गए हो, तो झंडा फहरा कर ही आना और पहला, दूसरा, तीसरा स्थान ले आना।
- मां कमला देवी ने कहा, रात भर जगलीईओ और देखलियो बाबू ने देश का नाम रोशन कईलन। (रात भर जागकर उनका मुकाबला देखा। झंडू को देश का नाम रोशन करते देखा।)
- उन्होंने बताया, 'जीतने के बाद झंडू ने कहा– जीत गईलियो मइया। उससे पहले भी आशीर्वाद लेवे खातिर फोन कईले रहलन। तब हम कहनी कि झंडा फहराकर आना।' नाम को लेकर उन्होंने बताया कि उनका नाम झुन्नू रखा गया था, लेकिन धीरे-धीरे सभी लोग उन्हें झंडू कहने लगे।

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड टेस्ट मैच भारत में कराने पर विचार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा है कि भविष्य में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच भारत में टेस्ट मैच कराने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में क्रिकेट के लिए बड़े मौके हैं, हालांकि फिलहाल ऐसी कोई योजना नहीं है।

बीबीसी के 'स्टंप्ड' पॉडकास्ट में ग्रीनबर्ग ने कहा, हमें सभी विकल्पों पर विचार करना चाहिए। ईसीबी और बीसीसीआई दोनों के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं। भारत में क्रिकेट का नया कंटेंट ले जाने के मौके हैं। अभी ऐसी कोई योजना नहीं है, लेकिन भविष्य में इस पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट क्रिकेट मजबूत स्थिति में है और इसे आगे बढ़ाना जरूरी है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का व्यस्त कैलेंडर सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। ग्रीनबर्ग ने कहा, साल में सिर्फ 365 दिन होते हैं। जितना क्रिकेट और कंटेंट हम देना चाहते हैं, उसके लिए शायद एक-दो महीने और चाहिए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस साल दिसंबर में पहली बार बिग बैश लीग का ओपनिंग मैच भारत में कराएगा। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में मेलबर्न रेनेगेड्स और पर्थ स्कॉर्चर्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत



### तीसरा टी-20 आज, ईशान-तिलक फॉर्म में

### बॉलिंग में प्रिंस ने सबसे ज्यादा विकेट लिए

ब्रह्मास्त्र ›› हरारे

भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला आज हरारे में खेला जाएगा। मैच शाम 4:30 बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम पहले दोनों मुकाबले जीतकर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना चुकी है। अब उसकी नजर जिम्बाब्वे का क्लीन स्वीप करने पर होगी।

दोनों के बीच अब तक 16 टी-20 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें भारतीय टीम ने 13 मैच जीते हैं। जिम्बाब्वे को सिर्फ 3 मैचों में जीत मिली है।

**ईशान-तिलक ने फिफ्टी लगाई–** भारत के लिए मौजूदा सीरीज में ईशान किशन सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में 116 रन बनाए हैं। स्ट्राइक रेट 170.58 का रहा है। ईशान ने दूसरे टी-20 में 44 गेंदों पर 81 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था। तिलक वर्मा भी शानदार लय में हैं। उन्होंने दो पारियों में 66 रन बनाए हैं और दूसरे मुकाबले में नाबाद 60 रन बनाकर ईशान के साथ चौथे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की थी। गेंदबाजी में प्रिंस यादव ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए हैं। उन्होंने दो मैचों में 4 विकेट लिए हैं। इकोनॉमी रेट 5.43 का है और बेस्ट प्रदर्शन 2 विकेट पर 10 रन है। दूसरे मुकाबले में उन्होंने बेन करन और कप्तान सिकंदर रजा के अहम विकेट लेकर जिम्बाब्वे के शुरूआती विकेट लिए थे।

## खबर एक नजर...

### प्रधान आरक्षक से एएसआई बने मालवीय का निधन

**उज्जैन।** पुलिस विभाग में वर्ष 1986 में जनसेवा की भावना से आरक्षक के पद भर्ती हुये विक्रमसिंह मालवीय घट्टिया थाने पर प्रधान आरक्षक के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे। 2 दिन पहले ही प्रमोशन होने पर उन्हे



एएसआई बनाया गया था। शनिवार को उनका आकस्मिक निधन हो गया। खबर घट्टिया थाने और पुलिस विभाग तक पहुंची तो माहौल गमगीन हो गया। घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि एएसआई विक्रमसिंह लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। उनके हार्ट का ऑपरेशन भी हुआ था। बीमारी के दौरान ही उन्हे प्रमोशन मिला था। लेकिन शनिवार को उनके निधन की खबर आई। उन्होने अपने कार्यकाल के दौरान जिले के कई थानों पर अपनी कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्युटी का निभाया। वह मूलरूप से ग्राम करोहन के रहने वाले थे और वर्तमान में देवासरोड स्थित शिवांश एवेन्यू नागझिरी क्षेत्र में परिवार के साथ निवासरत थे। उनकी अंतिम यात्रा में थाना स्टॉफ के साथ पुलिस विभाग के कई पुलिसकर्मी शामिल हुये।

### दुर्घटना में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी की पत्नी गंभीर घायल

**उज्जैन।** नानाखेड़ा क्षेत्र में रहने वाले सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी त्रिभुवननाथ की पत्नी तारादेवी शनिवार सुबह सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गई। बताया जा रहा है कि तारादेवी सुबह वॉक पर निकली थी, उसी दौरान शांतिपैलेस चौराहा पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना की खबर मिलते ही डायल 112 और एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई थी। उन्होने उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार चल रहा है। पुलिस द्वारा टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश दुर्घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही है।

### 8 साल बाद गिरफ्त में आया चैक बाउंस का आरोपी

**उज्जैन।** दोस्त से गाड़ी खरीदने के लिये उधार लिये रुपए लौटने के एवज में 2 लाख का चैक देने वाले लाखन पिता गंगाराम निवासी ग्राम कड़छली के खिलाफ चैक बाउंस का मामला 2019 में नरवर थाना पुलिस ने दर्ज किया था। आरोपी लाखन मामला दर्ज होने के बाद से न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हो रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय ने स्थायी वारंट जारी कर दिया था। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। 8 साल बाद शुक्रवार रात स्थायी वारंटी के गांव में आने की खबर मिलने पर नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई की टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। शनिवार दोपहर को न्यायालय में पेश किया गया।

### केबल डाल रहे बिजली कर्मचारी पर चाकू से वार

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया चौराहा पर बिजली विभाग में काम करने वाला ईश्वर पिता तेजराम भाटी पोल पर केबल डालने का काम कर रहा था। उसी दौरान वहां गांव में रहने वाला पंकज पिता आत्माराम आया और बोला गाली-गलौच करते हुये बोला कि मेरे घर पर केबल क्यों नहीं लगाई। कर्मचारी ईश्वर ने गाली देने से मना किया तो पंकज ने थप्पड़ मुक्कों से मारपीट करते हुये चाकू से वार किया। कर्मचारी ईश्वर की आंख के ऊपर चाकू लगा, जिससे वह घायल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। नागझिरी पुलिस ने घायल बिजली कर्मचारी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी के खिलाफ नुकुली चीज से मारने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### बुजुर्ग मकान मालिक और किरायेदार के बीच मारपीट

**उज्जैन।** क्षीरसागर क्षेत्र में लीलाधर पिता कन्हैयालाल सिलोदिया 72 साल का अंजली विला भवन बना हुआ है। उन्होने मकान का एक हिस्सा किराये पर शांतिलाल चौहान 63 साल को दिया है। दोनों के बीच मकान में ज्यादा लोगों को बुलाने की बात पर विवाद हो गया। मामला मारपीट में बदला और कोतवाली थाने तक जा पहुंचा। शांतिलाल ने शिकायत में बताया कि किराये के मकान में ज्यादा लोगों को न आने देने की बात पर उसके साथ मारपीट की गई है। वहीं लीलाधर सिलोदिया ने बताया कि शांतिलाल द्वारा उनकी पत्नी के साथ बत्तमिजी की गई, जिसका विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली पुलिस ने मामला सीनियर सिटीजन का होने पर उन्हे समझाईश का प्रयास किया। लेकिन दोनों शिकायत दर्ज कराने पर अड़ गये। पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है।

### आषाढ़ी एकादशी पर निकली दिंडी यात्रा का बैरवा महासभा ने किया भव्य स्वागत

**उज्जैन।** समग्र हिंदू समाज द्वारा आषाढ़ी देवशयनी एकादशी के अवसर पर शनिवार को निकाली गई दिंडी यात्रा का अखिल भारतीय बैरवा महासभा ने भव्य स्वागत किया। महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मरमट के नेतृत्व में पदाधिकारियों और समाजजनों ने यात्रा का आत्मीय स्वागत व सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि यह दिंडी यात्रा टावर चौराहे पर एकत्रीकरण और महाआरती के पश्चात प्रारंभ हुई थी। यात्रा टावर, शहीद पार्क, सांदीपनि चौराहा, देसाई नगर और लक्ष्मीनगर चौराहे से होते हुए सेठीनगर स्थित गजानन महाराज मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। निखिल गोठवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वागत कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय बैरवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल, महिला प्रदेश अध्यक्ष शीला मरमट, राष्ट्रीय संगठन मंत्री हरीश ललावत, महामंत्री राहुल अखंड, पूर्व महापौर मदन लाल ललावत, दीपक मरमट, अशोक मीमरोट और विपिन मरमट सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

---

गोली मारकर भागे बदमाश को 20 मिनट में था दबोचा

# टीआई को बहादूर और आरक्षक को मानवता का इनाम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

गोली मारने के बाद लोडेड कट्टा लेकर भाग रहे बदमाश को जान की परवाह नहीं कर 20 मिनट में दबोचने वाले टीआई को शनिवार दोपहर एसपी ने बहादूर के सम्मान सम्मानित किया। गोली लगने पर घायल को अस्पताल पहुंचाने और उसका उपचार करने वाले आरक्षक को मानवता का सम्मान दिया गया।

टॉवर चौक पर शुक्रवार दोपहर मानोरोगी बदमाश प्रभुलाल मालवीय ने देशी कट्टे से देसाईनगर में रहने वाले 55 साल के आशुतोष सोनी को गोली मार दी थी। गोली चलने की खबर मिलते ही माधवनगर टीआई गजेन्द्र पचोरिया मौके पर पहुंच गये थे। बदमाश गोली मारने के बाद हाथ में लोडेड कट्टा लेकर पैदल भागा था। टीआई ने बदमाश को पकड़ने के लिये पीछा किया। करीब 20 मिनट पीछा करने के बाद



बदमाश को जीरो पाइंट रेलवे ट्रेक के यहां दबोच लिया गया था। बदमाश के पास लोडेड कट्टा था उसने टीआई पर तान दिया था, लेकिन जान की परवाह किये बिना टीआई ने उस पर काबू कर लिया। बदमाश के पास से कारतूस लगा कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद किये गये। टीआई के साहस और बहादूर की खबर एसपी प्रदीप शर्मा को मिली। शनिवार को वह माधवनगर थाना भवन पहुंचे और टीआई पचौरियों को बहादूर का सम्मान देते हुये 10 हजार के इनाम से सम्मानित किया।

#### यातायात आरक्षक को 5 हजार का इनाम

एसपी प्रदीप शर्मा ने गोलीकांड के दौरान मानवता दिखाने वाले यातायात आरक्षक अनमोल की मानवीयता की प्रशंसा करते हुये उसे भी 5 हजार के इनाम से पुरूस्कृत किया। आरक्षक टॉवर चौक ड्युटी पर तैनात था। गोली चलने की खबर मिलते ही वह मौके पर पहुंच गया था, उसने घायल को तत्काल रिक्शा में डाला और उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। यहीं नहीं आरक्षक द्वारा उपचार के दौरान उसकी ड्रीप पकड़ी और ऑपरेशन थियेटर तक लेकर पहुंचा। आरक्षक अस्पताल पहुंचाने में देरी करता तो घायल की जान भी जा सकती थी।

#### रिमांड पर गोली चलाने वाला बदमाश

टॉवर चौक पर गोली चलाने वाला बदमाश प्रभुलाल रेलवे ट्रेक पर भागते समय घायल हो गया था। टीआई द्वारा से दबोचने के बाद उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया था। उसके दोनों पैरों में चोंट लगी थी, अभिरक्षा में उसका उपचार कराया गया। शनिवार को डिस्चार्ज होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। टीआई पचौरिया ने बताया कि आगर मालवा पिपलोन चौकी पर पहले भी कट्टे के साथ पकड़ा जा चुका है। उसके खिलाफ तराना में अपराध दर्ज है। फिलहाल उससे बरामद कट्टे और कारतूस के संबंध में पूछताछ जारी है।

---

बिना अनुमति ताजिया जुलूस निकालना पड़ा भारी

## आयोजक और डीजे संचालक पर केस दर्ज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

डीजे की तेज आवाज में ताजिया जुलूस निकालने की खबर मिलने पर पुलिस ने जुलूस निकालने और डीजे बजाने की अनुमति मांगी। जुलूस आयोजक और डीजे संचालक के पास अनुमति नहीं होने पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बीती शाम गंगावाड़ी मेला रोड फीकर मोहल्ला से डीजे की तेज आवाज में ताजिया जुलूस निकालने की खबर मिली थी। जुलूस धुलेट तिराहा की ओर जा रहा था। पुलिस ने आधे रास्ते में पहुंचकर जुलूस निकालने वाले आयोजक की जानकारी मांगी। जुलूस साबिर शाह द्वारा निकाला जा रहा था। उससे अनुमति मांगी गई उसने बताया कि अनुमति नहीं ली गई है। जुलूस में बज रहे डीजे संचालक विनोद निवासी रामलीला मैदान से डीजे संचालित करने की



अनुमित के संबंध में पूछा गया, उसके पास भी अनुमति नहीं थी। बिना अनुमति जुलूस और डीजे बजाने के मामले में साबिर शाह के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का पालन नहीं करने की धारा- 223 (बी) बीएनएस और डीजे संचालक के खिलाफ कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 7/15 का केस दर्ज किया गया। थाना प्रभारी ने महिदपुर वासियों से अपील करते हुये कहा कि किसी भी प्रकार का जुलूस या आयोजन करने से पहले शासन से विधिवत अनुमति प्राप्त कर शासन के निदेर्शानुसार ही कार्यक्रम आयोजित करें, अन्यथा पुलिस कार्यवाही व अन्य प्रशानिक कार्यवाही का सामना करना पड सकता है।

---

## चाकूबाज और दादागिरी करने वालों का निकाला जुलूस





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महाकाल मंदिर सिक्युरिटी गार्ड को चाकू मारने वाले और आरक्षक से दादागिरी करने वाले बदमाशों का शनिवार को पुलिस ने जुलूस निकाला। दोनों मामलों के 3 आरोपियों को दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

शुक्रवार दोपहर को महाकाल मंदिर धनुष द्वार पर सिक्युरिटी गार्ड आकाश राठौर को 2 युवकों ने मंदिर परिसर में आकर फूल-प्रसादी बेचने से मना करने की बात पर चाकू मार दिये थे। महाकाल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर चंद घंटो में अकुंश परमार जयसिंहपुरा को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं उसके दूसरे साथी अंशुल गेहलोत जयसिंहपुरा को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया। एसआई पुरूषोत्तम गौतम ने बताया कि चाकू अंकुश ने मारा था। उनकी निशानदेही पर चाकू जप्त किया। दूसरा मामला गुदरी चौराहा पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे आरक्षक शांतिलाल चरकोटा ने रिक्शा क्रमांक एमपी 09 डीझेड 2347 के चालक को प्रतिबंधित मार्ग पर जाने से रोका था। चालक आंनद चौहान ने आरक्षक की कॉलर पकड़ ली थी और झूमाझटकी कर धमकी देने लगा था। महाकाल थाना एसआई के.के. मालवीय ने आरक्षक की शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज कर चालक आंनद को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार दोपहर चाकूबाजी करने वालों का मंदिर क्षेत्र में जुलूस निकाला गया, वहीं आरक्षक की कॉलर पकड़ने वाले को गुदरी चौराहा लगाया गया जहां बीच-बाजार उठक-बैठक लगवाई गई। रिक्शा चालक गुंडागर्दी नहीं करने कसम खाता रहा। पुलिस ने दोपहर बाद तीनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है।

---

महाकाल की नगरी में दर्शन से पहले जान लें

## आरती, मंदिरों के समय और जरूरी नियम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। सावन, सोमवार, महाशिवरात्रि और अवकाश के दिनों में यह संख्या कई गुना बढ़ जाती है। यदि आप पहली बार उज्जैन आ रहे हैं तो दर्शन व्यवस्था, आरती के समय, प्रमुख मंदिरों के खुलने-बंद होने का समय और यात्रा संबंधी जरूरी जानकारी पहले से जान लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

#### श्री महाकालेश्वर मंदिर

महाकाल मंदिर में दिनभर दर्शन की व्यवस्था रहती है। भीड़ के अनुसार प्रवेश व्यवस्था में बदलाव किया जा सकता है।

#### प्रमुख आरतियां-

- **भस्म आरती-** प्रातः लगभग 4:00 बजे (पूर्व अनुमति/ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीयन आवश्यक)
- **दादाश्री आरती-** सुबह लगभग 7:00 बजे
- **भोग आरती** - पूर्वाह्न लगभग 10:00 से 10:30 बजे
- **संध्या पूजन एवं आरती-** शाम लगभग 7:00 बजे
- **शयन आरती-** रात्रि लगभग 10:30 बजे
- **नोटः** भस्म आरती में शामिल होने के लिए पहले से अनुमति आवश्यक होती है। समय और व्यवस्था विशेष अवसरों एवं पर्वों पर बदल सकती है।

#### हरसिद्धि माता मंदिर

- खुलने का समयः सुबह 5:00 बजे
- रात्रि तक दर्शन उपलब्ध।
- शाम की दीप आराधना विशेष आकर्षण होती है।

#### काल भैरव मंदिर

- दर्शनः प्रातः 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक।

#### मंगलनाथ मंदिर

- दर्शनः सुबह 6:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक।
- मंगल दोष शांति पूजन के लिए पहले जानकारी प्राप्त करें।

#### चिंतामण गणेश मंदिर

- दर्शनः सुबह 5:30 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक।

#### गढ़कालिका मंदिर

- दर्शनः सुबह 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक।

#### सांदीपनि आश्रम

- दर्शनः सुबह 6:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक।

#### रामघाट

- शाम की क्षिप्रा आरती प्रतिदिन सूर्यास्त के समय आयोजित होती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

#### दर्शन के दौरान रखें इन बातों का ध्यान

- मंदिरों में शालीन एवं पारंपरिक वस्त्र पहनें।
- भीड़ में बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।
- केवल अधिकृत पार्किंग में ही वाहन खड़ा करें।
- बारिश के मौसम में फिसलन वाले घाटों और तेज बहाव वाले क्षेत्रों से दूर रहें।
- मोबाइल, पर्स और अन्य कीमती सामान सुरक्षित रखें।
- मंदिर प्रशासन और पुलिस के निदेर्शों का पालन करें।

#### स्वास्थ्य और सुविधा

- पर्याप्त पानी साथ रखें और केवल स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें।
- खुले में रखे खाद्य पदार्थ खाने से बचें।
- आवश्यक दवाइयां अपने साथ रखें।
- अधिक भीड़ होने पर धैर्य रखें और कतार व्यवस्था का पालन करें।

**महत्वपूर्णः** आरती और दर्शन के समय पर्व, सावन, महाशिवरात्रि तथा विशेष आयोजनों के दौरान बदल सकते हैं। यात्रा से पहले मंदिर प्रशासन द्वारा जारी नवीनतम सूचना अवश्य देख लें।

---

## धरम बड़ला मार्ग पर दुर्घटना, 2 भाई घायल




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

धरमबड़ला मार्ग पर शनिवार दोपहर दुर्घटना में बाइक सवार 2 भाई गंभीर घायल हो गये। बताया जा रहा है कि सुनील पिता नगजीराम 26 साल निवासी इलियासखेड़ी और उसका छोटा भाई राजेश 23 साल महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड का काम करते है और ड्युटी खत्म होने पर बाइक से घर लौट रहे थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी। दोनों भाईयो के पैरों में फैक्चर हुआ है। एक भाई के हाथ में भी गंभीर चोंट लगी है। दोनों को एम्बुलेंस से चरक अस्पताल लाया गया था। ड्युटी कंपाउंडर द्वारा दुर्घटना की सूचना चिंतामण गणेश थाना पुलिस को दी गई है।

---

## हरसिद्धी-चारधाम मार्ग पर प्रतिबंधित रहेंगे वाहन



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सावन-भादौ माह में बाबा महाकाल की सवारी के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने के लिये हरसिद्धी-चारधाम मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंधि लगाया दिया है। पुलिस द्वारा नियम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

बाबा महाकाल की सवारी को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस द्वारा यातायायत और सुरक्षा व्यवस्था को लागू करते हुये हरसिद्धी-चारधाम मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित करने के निर्णय लिया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि सावन-भादौ माह में देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक नगरी में आयेगें। उनकी सुरक्षा के साथ मंदिर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये वाहन प्रतिबंधित मार्ग का निर्णय लिया गया है। सभी प्रकार के वाहन चालकों से अपील है कि प्रतिबंधित मार्ग छोड़ वैकल्पिक मार्ग पर आवाजाही करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सुरक्षा है। हरसिद्धि माता मंदिर से चारधाम मंदिर मार्ग तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल दर्शन के लिये पहुंचते है। जिसके चलते उक्त मार्ग को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। सावन माह में प्रति सोमवार निकलने वाली बाबा की सवारी के दौरान भी कुछ मार्गो पर वाहनों को प्रतिबंधित किया जायेगा और वैकल्पिक मार्गो के साथ पार्किंग व्यवस्था लागू की जायेगी।

---


हनीट्रेप गर्ल गिरफ्त से दूर, गैंग से बरामद हुई कार

## महाकाल धाम के मकान में बनाकर रखा था बंधक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

हनीट्रेप के जाल में फंसाकर युवक के परिजनों से 10 लाख की फिरौती वसूलने वाली गर्ल गिरफ्त में नहीं आ सकी। उसकी गैंग के सदस्यों से अपहरण, ब्लैकमेलिंग और फिरौती में प्रयुक्त एक कार ओर बरामद कर ली गई। शनिवार को पुलिस युवक को एक दिन तक बंधक बनाकर रखे मकान तक भी पहुंची, जो किराये पर लिया गया था।

नरवर के रहने वाले हैदर पटेल से इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने के बाद भोपाल की रहने वाली अंजली ठाकुर ने 18 जुलाई को अपनी गैंग के साथ मिलकर तपोभूमि चौराहा के पास से अपहरण कर लिया था। उसका अश्लील वीडियो बनाया गया था



#### आरोपियों का रिमांड खत्म होने पर न्यायालय में पेश किया जायेगा

एसआई हेमंतसिंह जादौन ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ कर बंधक बनाने वाली जगह का पता लगाया गया। गैंग के मुख्य आरोपी दंबग हिन्दू सेना चलाने वाले लोकेश शर्मा ने बताया कि उसने पंवासा क्षेत्र में बन रही महाकाल धाम कालोनी में किराये से मकान लिया है। वहीं पर हैदर को रखा गया था। शनिवार को पुलिस ने महाकाल धाम कालोनी पहुंचकर मकान की तस्दीक की। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि मकान किराये से देने वाले ने पुलिस को किरायदार की सूचना दी है या नहीं। एसआई जादौन के अनुसार गैंग में शामिल अंजली ठाकुर भोपाल और दीपक राजपूत पंवासा गिरफ्त में नहीं आ सके है। उनकी तलाश में एक टीम उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है। रविवार को गिरफ्त में आये 10 आरोपियो का रिमांड खत्म होने पर उन्हे न्यायालय में पेश किया जायेगा।

और एक दिन तक बंधक बनाकर रखा था। गैंग ने 50 लाख की फिरौती मांगी थी, 26 लाख में बात तय कर 10 लाख नगद लिये थे, 16 लाख के एवज में हैदर की आई-10 कार, सोने की चैन, घडी रख ली थी। गैंग के बंधन से रिहा होने के बाद हैदर ने 20 जुलाई को नानाखेड़ा पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने गैंग से जुड़े 10 आरोपियों लोकेश पिता राजेश शर्मा पंवासा, राजपाल पिता जालमसिंह राठौड़ ग्राम जहांगीरपुर इंगोरिया, पंकज पिता गजानंद बमोरिया अवंतिपुरा, यशवंत पिता जगदीश देवड़ा, आर्यन पिता मुकेश राठौर तिरुपतिधाम, लखन पिता नारायणसिंह पंवार ग्राम पिपलिया डाबी उन्हेल, इदरीश पिता दिलीप पटेल नरवर, इमरान उर्फ राजा पिता खाजू पटेल, जयसिंह पिता अजबसिंह चौहान निवासी बदरखां और आयुष पिता दिनेश जाटवा निवासी भैरूनाला उज्जैन को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। गिरफ्त में आने पर 5 लाख रुपए, फरियादी की कार और बोलेरो जप्त कर ली थी। पूछताछ में शनिवार को एक कार ओर जप्त की गई।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com